दैनिक सांध्य प्रकाश
भोपाल की धड़कन
वर्ष 54/ अंक 204/ पृष्ठ 8 / मूल्य ₹ 2.10 संस्थापक- स्व. सुरेंद्र पटेल ■आर.एन.आई 22296/71 ■डाक पंजीयन मप्र/भोपाल/125/12-14
भोपाल, रविवार 23 फरवरी 2025 भोपाल से प्रकाशित dainiksandhyaprakash.in

## भारत-पाकिस्तान के बीच महामुकाबला शुरू

भारत और पाकिस्तान के बीच महामुकाबे की




शुरुआत हो चुकी है। फखर जमां की जगह टीम में आए इमाम उल हक और बाबर आजम क्रीज पर हैं। शमी ने पहले ओवर में गेंदबाजी की। उन्होंने पहले ओवर में पांच वाइड गेंदें फेंकीं और कुल 11 गेंदें फेंकीं।



# प्रधानमंत्री ने बागेश्वर धाम में बालाजी के दर्शन किए

## कैंसर अस्पताल का शिलान्यास किया, शाम को प्रधानमंत्री भोपाल पहुंचेंगे





**खजुराहो/ छतरपुर, सांध्यप्रकाश।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बागेश्वर धाम में बालाजी कैंसर इंस्टीट्यूट एंड रिसर्च सेंटर का शिलान्यास किया। धीरेंद्र शास्त्री ने पीएम मोदी को बालाजी का विग्रह भेंट किया। उन्होंने सनातन धर्म पर लिखी किताब और स्मृति चिह्न भी भेंट किया।

इससे पहले पीएम ने बागेश्वर धाम में बालाजी के दर्शन किए। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, खजुराहो सांसद वीडी शर्मा और पं. धीरेंद्र शास्त्री ने हैलिपेड पर उनकी अगवानी की।

शाम को प्रधानमंत्री भोपाल पहुंचेंगे। सांसदों-विधायकों से सरकार और संगठन के बारे में बात करेंगे। राजभवन में रात्रि विश्राम के बाद सोमवार को ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में शामिल होंगे। मोदी मध्यप्रदेश में 23 घंटे गुजारेंगे।






### पीएम मोदी के नेतृत्व में मध्यप्रदेश नई ऊंचाइयों को छुएगा: मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा कि हमने पीएम मोदी के आगमन की पूरी तैयारी कर ली है। पीएम मोदी सबसे पहले बागेश्वर धाम जाएंगे और कैंसर अस्पताल का शिलान्यास करेंगे। वह बीजेपी विधायकों और सांसदों के साथ बैठक भी करेंगे। पहली बार पीएम मोदी राजभवन में रुकेंगे। पीएम मोदी के नेतृत्व में मध्य प्रदेश विकास की नई ऊंचाइयों को छुएगा।

**मन की बात**

## भारत ने तो स्पेस में ही शतक लगा दिया, 10 वर्षों में ही करीब 460 सैटेलाइट लॉन्च की



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने मासिक कार्यक्रम मन की बात के119वें एपिसोड में मन की बात बिलकुल ही नए अंदाज में शुरू की। उन्होंने क्रिकेट की भाषा में बात करते हुए कहा कि आज कल तो हर तरफ क्रिकेट का माहौल है, मगर भारत ने तो स्पेस में ही शतक लगा दिया है। मैं अंतरिक्ष में भारत द्वारा बनाए गए अद्भुत शतक की बात करूंगा। पिछले महीने देश ने इसरो का 100वां रॉकेट लॉन्च देखा। समय के साथ अंतरिक्ष उड़ान में हमारी उपलब्धियों की सूची लंबी होती जा रही है। चाहे वह प्रक्षेपण यान का निर्माण हो, चंद्रयान, मंगलयान और आदित्य एल-1 की सफलता हो या फिर 104 उपग्रहों को अंतरिक्ष में भेजने का अभूतपूर्व मिशन हो। यह केवल एक नंबर नहीं है, बल्कि इससे स्पेस साइंस में नित नई ऊंचाइयों को छूने के हमारे संकल्प का भी पता चलता है। इसरो की सफलताओं का दायरा काफी बड़ा रहा है। बीते 10 वर्षों में ही करीब 460 सैटेलाइट लॉन्च की गई हैं और इसमें दूसरे देशों की भी बहुत सारी सैटेलाइट शामिल हैं। हाल के वर्षों की एक बड़ी बात ये भी रही है कि स्पेस साइंटिस्ट की हमारी टीम में नारी शक्ति की भागीदारी लगातार बढ़ रही है।

### देवास जिले के पोल वाल्ट खिलाड़ी देव कुमार मीणा की तारीफ

**देवास।** देवास जिले के खातेगांव क्षेत्र के गांव सिल्फोडखेड़ा के किसान के बेटे 19 वर्षीय देव कुमार मीणा का देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को अपने



मन की बात कार्यक्रम में जिक्र किया। देव कुमार ने पिछले दिनों 38वें राष्ट्रीय खेलों में देहरादून में शानदार प्रदर्शन करते हुए पोल वाल्ट में 5.32 मीटर ऊंची छलांग लगाकर राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाते हुए स्वर्ण पदक जीता था। देव ने शिवा सुब्रमण्यम का वर्ष 2022 में बनाया गया 5.31 मीटर का रिकॉर्ड तोड़ा था। देव के पिता जगदीश पटेल किसान हैं। करीब 4 साल पहले टैलेंट सर्च के जरिए देव का चयन मध्य प्रदेश एथलेटिक अकादमी के लिए हुआ था। देव के प्रशिक्षण के लिए पिछले दिनों क्यूबा से कोच बुलवाया गया था। देव राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कई पदक पोल वाल्ट में जीत चुके हैं। अब उनका लक्ष्य एशियाई एथलेटिक चैंपियनशिप के लिए पात्रता हासिल करना है। इसके लिए 5.51 मीटर की ऊंची छलांग लगाना जरूरी है।

### एग्जाम वॉरियर्स के साथ परीक्षा पर चर्चा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, हर साल 'परीक्षा पे चर्चा' के दौरान हम अपने एग्जाम वॉरियर्स के साथ परीक्षा से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा करते हैं। मुझे खुशी है कि यह पहल अब और अधिक संस्थागत हो रही है। कई नए विशेषज्ञ भी इसमें शामिल हो रहे हैं। इस साल हमने 'परीक्षा पे चर्चा' में एक नया प्रारूप पेश किया। हमने विशेषज्ञों की विशेषता वाले आठ अलग-अलग एपिसोड शामिल किए।




मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रविवार को समत्व भवन स्थित कार्यालय कक्ष से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात के 119वें एपिसोड के सजीव प्रसारण का श्रवण किया।




भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व खजुराहो सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने केन्द्रीय मंत्री सावित्री ठाकुर के साथ भाजपा प्रदेश कार्यालय में मन की बात कार्यक्रम को सुना। इस अवसर पर पार्टी के प्रदेश मंत्री लोकेन्द्र पाराशर, प्रदेश कार्यालय मंत्री डॉ राघवेन्द्र शर्मा सहित पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# सदर मंजिल में हेरिटेज होटल की शुरुआत

## सीएम ने फीता काटा: सबसे पहले रुकेंगे जीआईएस के मेहमान; 126 साल पुरानी विरासत में 22 लग्जरी रूम्स



**भोपाल।** करीब 126 साल पुरानी विरासत सदर मंजिल अब हेरिटेज होटल के रूप में बदल गई है। यहां सबसे पहले ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के मेहमान रुकेंगे। सभी 22 रूम्स बुक हो चुके हैं। डॉ. मोहन यादव ने शनिवार को फीता काटकर होटल की शुरुआत की। शनिवार को ही कलियासोत ग्राउंड पर टेंट सिटी की भी ओपनिंग की गई।

बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा, प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद, सांसद आलोक शर्मा, विधायक आतिफ अकील, बीजेपी जिलाध्यक्ष रविंद्र यति, महापौर मालती राय, निगम अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी, प्रदेश पदाधिकारी राहुल कोठारी, आशीष अग्रवाल, नेहा बग्गा आदि मौजूद थे। सीएम डॉ. यादव ने विरासत को पुराने वैभव में लौटाने की सराहना की। इस दौरान उन्होंने कहा कि सदर मंजिल हेरिटेज बाय एटमॉस्फियर, भोपाल की समृद्ध विरासत और मध्य प्रदेश की गौरवशाली पहचान का प्रतीक है। बता दें कि सात साल की मेहनत के बाद सदर मंजिल न सिर्फ नए रूप में तैयार हुई है, बल्कि अब यह एक हेरिटेज होटल में तब्दील हो गई है, जहां पहली बार मेहमान ठहरेंगे। इन मेहमानों के लिए



सभी कमरे बुक हो चुके हैं, जिन्हें नवाबी दौर की शान-ओ-शौकत से रूबरू होने का मौका मिलेगा

**ट्रायल के बाद जीआईएस से शुरुआत का फैसला-** सदर मंजिल में बने हेरिटेज होटल की शुरुआत से पहले ट्रायल हो चुका है। ट्रायल में स्टाफ के परिवार के लोग यहां पहुंचे थे। इस दौरान खाने का स्वाद, लाइटिंग और इंटीरियर पर खास ध्यान दिया गया।

### ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट से दुनिया के नक्शे पर आया एमपी

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने 24-25 फरवरी को आयोजित हो रही ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2025 से पहले भोपाल के अलग-अलग स्थानों पर की जा रही तैयारियों का निरीक्षण किया। उन्होंने जीआईएस की तैयारियों में लगे अधिकारियों को आवश्यक निर्देश भी दिए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2025 की तैयारियां अपने अंतिम चरण में हैं। रविवार को प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी मध्यप्रदेश आयेंगे। उनका आगमन समस्त प्रदेशवासियों के लिए एक गौरवशाली क्षण है। हम प्रधानमंत्री श्री मोदी का हार्दिक स्वागत एवं अभिनंदन करते हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सालों के बाद ऐसा अवसर आया है कि प्रधानमंत्री भोपाल में ही रात्रि विश्राम करेंगे। इस ऐतिहासिक आयोजन के लिए हर स्तर पर व्यापक व्यवस्थाएं की जा रही हैं। प्रधानमंत्री श्री मोदी भोपाल में निर्वाचित जनप्रिनिधियों एवं शीर्ष पदाधिकारियों की बैठक लेंगे। जीआईएस-2025 की तैयारियों के निरीक्षण के बाद मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मीडिया से चर्चा में कहा कि ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट मध्यप्रदेश को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगी। इसमें देश-विदेश के शीर्ष उद्योगपति एवं निवेशक शामिल होंगे, जिनका आत्मीय आतिथ्य-सत्कार किया जाएगा। हम न केवल उन्हें निवेश के सभी अवसर प्रदान करेंगे, बल्कि उनका विश्वास भी जीतने का प्रयास करेंगे।

## एसपीजी की टीम ने पीएम के कार्यक्रम स्थल को सुरक्षा घेरे में लिया

एसपीजी की टीम ने प्रधानमंत्री के कार्यक्रम स्थल कुशाभाऊ ठाकरे सभागार, श्यामला हिल्स स्थित मानव संग्रहालय, रात्रि विश्राम स्थल राजभवन का प्रसीडेंट सुईट को अपने सुरक्षा घेरे में ले लिया है। एसपीजी के अधिकारी स्टेट हैंगर पर भी तैनात हैं। वहीं सुरक्षा के चलते ठाकरे सभागार के पास लाल परेड मैदान में भी हेलीपैड बनाया गया है। मानव संग्रहालय में 100 से अधिक डोर फ्रेम मेटल डिटेक्टर लगाए गए हैं। इसके साथ ही वीवीआईपी और अन्य मेहमानों की सुरक्षा के लिए 500 से अधिक हैंड हेल्ड मेटल डिटेक्टरों का उपयोग किया जाएगा। इसी तरह ठाकरे सभागार में भी सुरक्षा बहुत सख्त रहेगी। ट्रैफिक पुलिस ने 24 फरवरी के लिए विशेष ट्रैफिक प्लान जारी किया है। यह व्यवस्था पीएम के राजभवन से इंदिरा गांधी मानव संग्रहालय और वहां से पुराने विमानतल तक के आवागमन के दौरान सुबह 8 बजे लागू रहेगी। वहीं मीट में शामिल होने आ रहे उद्योगपतियों के लिए विशेष मार्ग की व्यवस्था सुबह 9 बजे से लागू होगी।



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से आईटीसी लिमिटेड के अध्यक्ष एवं कन्फेडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्री के प्रेसिडेंट संजीव पुरी, सीआईआई के डायरेक्टर जनरल चंद्रजीत बनर्जी, रीजनल डायरेक्टर राजेश कपूर एवं अनिरुद्ध चौहान ने मुख्यमंत्री निवास स्थित समत्व भवन में सौजन्य भेंट की।



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से रविवार को एक्सिस बैंक, मुंबई के वाइस प्रेसिडेंट संदीप ओतुरकर ने मुख्यमंत्री निवास स्थित समत्व भवन में सौजन्य भेंट की।




आज राजा भोज एयरपोर्ट पर भारतीय जनता पार्टी के सह संगठन महा मंत्री शिव प्रकाश, केंद्रीय मंत्री जॉर्ज कुरियन जी, पतंजलि अध्यक्ष आचार्य बालकृष्ण जी, राजा भोज की नगरी भोपाल में आत्मीय स्वागत वंदन अभिनंदन किया

# ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के लिए दुल्हन की तरह सजा भोपाल

**भोपाल।** 24 और 25 फरवरी को ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट होगी। देश के शीर्ष 50 समेत 25 हजार उद्योगपति आएंगे। समिट का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे। पीएम और मेहमानों के स्वागत के लिए कुल 33 करोड़ रुपए की लागत से भोपाल सज गया है। कुल 17 किमी हिस्से में लाइटिंग, पेंटिंग की गई है। VIP रोड, गौहर महल, बोट क्लब, एयरपोर्ट रोड, स्मार्ट सड़क की तो तस्वीर ही बदल गई है। इसके अलावा पीडब्ल्यूडी और नगर निगम ने सड़कों के लिए 70 करोड़ रुपए खर्च किए हैं।

उद्योगपति 23 फरवरी यानी, रविवार को ही भोपाल आ जाएंगे। ऐसे में एक दिन पहले सुबह से तैयारियां पूरी की जा रही हैं। सबसे ज्यादा फोकस राजा भोज एयरपोर्ट से लेकर मानव संग्रहालय के 17 किलोमीटर रूट पर है, लेकिन न्यू मार्केट, लिंक रोड नंबर-1, 2 और 3, होशंगाबाद रोड, एमपी नगर, भदभदा रोड, सैर सपाटा, वन



विहार, पॉलिटेक्निक चौराहा, राजभवन, लाल परेड ग्राउंड की सड़क भी सज चुकी है।

समिट श्यामला हिल्स स्थित इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय में होगी। शनिवार को 17 किलोमीटर के रूट को देखा। मानो ये रास्ते मेहमानों को वेलकम कह रहे हो।



**30 लाख में संवरा गौहर महल का पिछला हिस्सा-** भोपाल के वीआईपी रोड किनारे और गौहर महल के पीछे की जगह को नगर निगम ने करीब 30 लाख रुपए से संवारा है। इसी जगह पर गुल्लक और डॉक्टर जी जैसी वेब सीरीज की शूटिंग हुई है। सीढ़ियों




पर लाल पत्थर लगे हैं। वहीं, मांडने की बड़ी सी पेंटिंग बनाई गई है। रोशनी की व्यवस्था भी की गई है। ताकि जब वीआईपी रोड से उद्योगपति गुजरें तो उन्हें शानदार नजारा दिखाई दें। शनिवार को काम को अंतिम रूप दिया गया।

### सजावट का जिम्मा नगर निगम को

समिट से पहले तीन एजेंसियों को अलग-अलग काम सौंपे गए। नगर निगम को सजावट का काम दिया गया, जबकि पीडब्ल्यूडी और स्मार्ट सिटी को सड़क निर्माण का।

**नगर निगम-** एयरपोर्ट से लेकर मानव संग्रहालय, बोट क्लब, एमपी नगर, चार इमली, श्यामला हिल्स समेत कई इलाकों में पेंटिंग और फाउंटेन का काम निगम ने किया है। इसमें 5 करोड़ 76 लाख रुपए खर्च किए गए। लाखों पौधे लगाने के साथ लेक से जुड़े काम में 17.25 करोड़ रुपए खर्च हुए हैं। वहीं, पूरे शहर में करीब 10 करोड़ रुपए में लाइटिंग की गई है। इस तरह कुल 32.74 करोड़ रुपए खर्च किए गए हैं।

**पीडब्ल्यूडी-** एयरपोर्ट रोड, वीआईपी रोड, स्मार्ट सड़क, श्यामला हिल्स, बोट क्लब, लिंक रोड नंबर 1, 2 और 3, एमपी नगर, रोशनपुरा, रंग महल, श्यामला हिल्स की प्रमुख सड़कें बनाई गई है। कुछ सड़कों के गड्ढे भी भरे गए। इन पर 65 करोड़ रुपए खर्च हुए हैं।

**स्मार्ट सिटी** - स्मार्ट सड़क पर डामरीकरण और सजावट पर करीब 5 करोड़ रुपए खर्च हुए हैं।

# प्रोत्साहन मंच में ध्रुपद और ओडिसी नृत्य की प्रस्तुति

## संगीत में कला-तकनीक के साथ भावपक्ष भी ज़रूरी: भारती राजपूत

**सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल**

चाइल्ड राइट्स ऑब्ज़र्वेटरी मध्यप्रदेश और उसकी अनुषंग इकाई म्यूज़िक एंड डाँस टीचर्स फ़ोरम द्वारा शास्त्रीय संगीत और नृत्य अभ्यासी युवा कलाकारों को मंच प्रदान करने के लिए शुरू की गई श्रृंखला प्रोत्साहन मंच के अंतर्गत इस बार ध्रुपद गायन और ओडिसी नृत्य की प्रस्तुति हुई। कार्यक्रम की शुरुआत ध्रुपद संस्थान के देबीप्रसाद रथ ने राग भीमपलासी में परंपरागत आलाप जोड़ और झाला के बाद चौताल में एक गंभीर ध्रुपद प्रस्तुत किया। इसके बाद उन्होंने राग अदाना में निबद्ध शिव स्तुति शिव शिव शिव शंकर आदिदेव से समापन किया जिसे श्रोताओं ने बहुत पसंद किया। पखावज पर उनके साथ अनुज यादव ने संगत की वही तानपुरे पर अकीको थीं। दूसरी प्रस्तुति में वरिष्ठ ओडिसी नृत्यांगना डॉ सोनिया नाग की शिष्याएँ ने ओडीसी नृत्य प्रस्तुत किए। मंगलाचरण ख़ुशी मोढ़े ने प्रस्तुत किया वहीं दशावतार में तनीषा पानी की प्रभावशाली प्रस्तुति रही। अंत में पाखी सोनी और सरगम सेठिया ने शिव स्तुति पेश की। भारतीय जीवन बीमा निगम द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि शास्त्रीय गायिका और अप संचालक संस्कृति भारती राजपूत ने अपने संबोधन में कहा कि शास्त्रीय संगीत और नृत्य में कला और तकनीक के साथ भाव में दक्षता होना भी बहुत ज़रूरी है। उन्होंने प्रोत्साहन मंच कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा ऐसे मंच से नई शास्त्रीय प्रतिभाओं को अवसर मिल सकेगा।

विशिष्ट अतिथि प्रसिद्ध वायलिन वादक प्रवीण शेवलीकर ने कहा कि कोई भी कितना रियाज़ कर ले असली परीक्षा तो श्रोताओं के सामने ही होती है और इसके लिए ऐसे मंच महत्त्वपूर्ण हैं। साउथ टी टी नगर स्थित सेवन हिल्स स्कूल के मंजरी हॉल में आयोजित इस कार्यक्रम में पखावज गुरु अखिलेश गुंदेचा, ध्रुपद गायक अफ़ज़ल हुसैन सहित बड़ी संख्या में दर्शक उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन सुनिल शुक्ल ने किया और आभार प्रदर्शन रघुराज सिंह ने किया। सभी प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र भी दिए गए।













भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री व विधायक भगवानदास सबनानी दक्षिण-पश्चिम विधानसभा अंतर्गत भीम नगर में आयोजित भागवत कथा में सम्मिलित हुए एवं व्यास पीठ का पूजन कर सभी प्रदेशवासियों के लिए सुख शांति की कामना की।

# 8वें महावीर पुरस्कारों की घोषणा समाज सेवा के नायकों का सम्मान

## भगवान महावीर फाउंडेशन चेन्नई द्वारा उत्कृष्ट कार्यों के लिए प्रतिष्ठित सम्मान

भोपाल। भगवान महावीर फाउंडेशन ने 28वें महावीर पुरस्कारों के विजेताओं की घोषणा कर दी है। यह प्रतिष्ठित पुरस्कार अहिंसा, शाकाहार, शिक्षा, चिकित्सा, तथा सामुदायिक एवं सामाजिक सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले व्यक्तियों और संस्थानों को प्रदान किया जाता है। इस वर्ष प्राप्त 324 नामांकनों में से 4 विजेताओं का चयन किया गया। प्रत्येक पुरस्कार में 10 लाख नकद राशि, स्मृति चिन्ह और प्रशस्ति पत्रप्रदान किया जाता है।

### पुरस्कार विजेता एवं उनके योगदान

**अहिंसा एवं शाकाहार**

**श्री कृष्ण गोपाल गौ सेवा समिति (राजस्थान):** स्वामी कुशाल गिरिजी महाराज के नेतृत्व में नागौर में स्थित यह समिति 'गोलोक महातीर्थ' के माध्यम से गायों के बचाव एवं उपचार का कार्य कर रही है। 40 एंबुलेंस संचालित, 5000+ गायों को आश्रय, अत्याधुनिक अस्पताल, 55 पशु चिकित्सकों के साथ 300 कर्मचारी कार्यरत है । जोधपुर में 5 करोड़ की लागत से नया पशु अस्पताल निर्माणाधीन।

**शिक्षा - सुश्री विद्या दास (ओडिशा):** आदिवासी क्षेत्र में महत्वपूर्ण कार्य, 25,000 से अधिक बच्चों को लाभ। आदिवासी लड़कियों के लिए तीन प्राथमिक विद्यालय स्थापित। 35 गाँवों में महिला साक्षरता दर 0 प्रतिशत से 75 प्रतिशत तक बढ़ाई।

**स्वास्थ्य- एसोसिएशन फॉर हेल्थ वेलफेयर इन द नीलगिरीज (तमिलनाडु):** 1990 में स्थापित, नीलगिरी की 320 बस्तियों के 20,000 आदिवासियों को स्वास्थ्य सेवाएं। 97 प्रतिशत सुरक्षित प्रसव, सिकल सेल रोग के 369 रोगियों का उपचार। मानसिक स्वास्थ्य, आत्महत्या रोकथाम और तपेदिक नियंत्रण कार्यक्रम।

### सामुदायिक एवं समाज सेवा

आशादीप (असम): मानसिक स्वास्थ्य पुनर्वास के क्षेत्र में अग्रणी संस्था। गुवाहाटी और गोलपारा में डे रिहैबिलिटेशन सेंटर ।10,000+ मानसिक रूप से अस्वस्थ व्यक्तियों का बचाव, उपचार एवं पुनर्वास।

### चयन प्रक्रिया और समिति

चयन प्रक्रिया 20 फरवरी 2025 को बेंगलुरु में भारत के पूर्व मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति एम.एन. वेंकटचलैया की अध्यक्षता में संपन्न हुई।

**चयन समिति के प्रमुख सदस्य:** एस. गुरुमूर्ति (संपादक, तुगलक, आरबीआई के अंशकालिक निदेशक), टी. एस. कृष्णमूर्ति (पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त), डी. आर. मेहता (पूर्व अध्यक्ष, सेबी), प्रभात कुमार (पूर्व कैबिनेटसचिव), न्यायमूर्ति जी. एस. सिंघवी(सर्वोच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश), अब तक 96 पुरस्कार विजेताओं को समाज सेवा में उनके योगदान के लिए सम्मानित किया जा चुका है।

**29वें महावीर पुरस्कारों के लिए नामांकन आमंत्रित:** भगवान महावीर फाउंडेशन 29वें महावीर पुरस्कारों के लिए अहिंसा, शिक्षा, चिकित्सा और सामाजिक सेवा के क्षेत्र में निस्वार्थ सेवा करने वाले व्यक्तियों एवं संस्थानों से नामांकन आमंत्रित करता है।

# टाइम मैनेजमेंट और मेंस्ट्रूअल हाइजीन पर सत्र का आयोजन



**संत हिरदाराम।** इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट ने प्रतिष्ठित मल्टीनेशनल कंपनी प्रॉक्टर एंड गैंबल ;पी एंड जीद्ध के सहयोग से टाइम मैनेजमेंट और मेंस्ट्रूअल हाइजीन पर एक जानकारीपूर्ण सत्र आयोजित किया। इस सत्र का उद्देश्य मैनेजमेंट की छात्राओं के लिए प्रोफेशनल और पर्सनल लेवल पर जानकारी प्रदान करना था। पी एंड जी कंपनी से आई एक्सपर्ट रचना बावा ने मेंस्ट्रुअल हाइजीन के बारे में प्रकाश डाला और कहा कि स्वस्थ समाज स्वस्थ महिला की वजह से संभव हो सकता है। टाइम मैनेजमेंट के विषय में उन्होंने विस्तृत रूप से उदाहरणों के माध्यम से महत्व बताया। वर्क लाइफ बैलेंस को केंद्रित करते हुए उन्होंने अच्छा स्वास्थ्य और स्वच्छता बनाए रखने के तरीके के बारे में जानकारी प्रदान की गई। सत्र के बाद छात्राओं ने कई प्रश्न पूछेए जिसके उत्तर वक्ता द्वारा दिए गए। सत्र में 100 से अधिक छात्राओं ने भाग लिया। इस तरह से यह सत्र अपने उद्देश्य की पूर्ति करने में पूर्णतः सफल रहा। संस्थान के मैनेजिंग डायरेक्टर श्री हीरो ज्ञानचंदानी जी और डायरेक्टर डॉ आशीष ठाकुर ने कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए एसण्पीण्डीण् क्लब को शुभकामनाएं दीं।

# साधु वासवानी स्कूल की 37 छात्राओं को मिली 25 हजार नकद राशि



**संत हिरदाराम नगर।** सुधार सभा द्वारा संचालित साधु वासवानी स्कूल एवं मुकिता इंटरनेशनल स्कूल में कक्षा बारहवीं में 75 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित करने वाली 37 प्रतिभाशाली छात्राओं को 25 हजार रुपये की नकद राशि वितरित की गई। मुख्यमंत्री मोहन यादव द्वारा लेपटॉप खरीदने के लिए 25,000 रुपये की धनराशि टॉपर छात्राओं के बैंक खातों में डाली जा रही है ताकि भविष्य में उनकी पढ़ाई में रुकावट न आए साथ ही मुख्यमंत्री ने कहा कि हम उनके लिए हर संभव प्रयास करेंगें कि इन विद्यार्थियों को रोजगार मिलें जिससे वे अपना जीवन यापन कर सकें। शिक्षाविद् विष्णु गेहानी ने सभी विद्यार्थियों को हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आपकी मेहनत और लगन से ही आपने यह मुकाम हासिल किया है आगे भी जिस क्षेत्र में आप जाएं वहां पूरी लगन व मेहनत से काम करें व आगे बढ़े, ऐसा मेरा आशीर्वाद है। छात्रा कविता मेवाड़ा ने कक्षा बारहवीं में भोपाल राज्य स्तर पर मैरिट में आकर विद्यालय का नाम रोशन किया।

## स्वामी दयानंद सरस्वती : समाज सुधार के अग्रदूत




**प्रवीण कक्कड़**

19वीं सदी के महान समाज सुधारक और दार्शनिक, स्वामी दयानंद सरस्वती की आज जयंती है। उनका जन्म 1824 में फाल्गुन कृष्ण पक्ष की दशमी तिथि को हुआ था। जो इस वर्ष 23 फरवरी को है। वेदों के ज्ञान को पुनर्जीवित करने और समाज में व्याप्त कुरीतियों को दूर करने के लिए उन्होंने अपना जीवन समर्पित कर दिया। 1875 में, उन्होंने आर्य समाज की स्थापना की, जिसका उद्देश्य वैदिक परंपरा को पुनर्जीवित करना और समाज में फैली बुराइयों को दूर करना था। जिसके माध्यम से कई कुरितियों का अंत हुआ और लोगों में जागरूकता आई। आर्य समाज के माध्यम से आज भी वैदिक ज्ञान, शिक्षा और पूजन-हवन की सीख दी जा रही है।

### स्वामी दयानंद सरस्वती का योगदान



* वेदों का पुनरुद्धार: उन्होंने वेदों के ज्ञान को पुनः स्थापित करने पर जोर दिया और लोगों को वेदों के सच्चे अर्थ को समझने के लिए प्रेरित किया।
* आर्य समाज की स्थापना: 1875 में, उन्होंने आर्य समाज की स्थापना की, जिसका उद्देश्य वैदिक परंपरा को पुनर्जीवित करना और समाज में फैली बुराइयों को दूर करना था
* कुरितियों का विरोध: उन्होंने बलि प्रथा, झूठे कर्मकांड, अंधविश्वास, जातिगत भेदभाव और छुआछूत जैसी कुरितियों का कड़ा विरोध किया।
* शिक्षा का प्रसार: उन्होंने शिक्षा के महत्व को समझते हुए गुरुकुलों की स्थापना की और वैदिक शिक्षा को बढ़ावा दिया।
* सत्यार्थ प्रकाश की रचना: उन्होंने "सत्यार्थ प्रकाश" नामक एक महत्वपूर्ण ग्रंथ लिखा, जिसमें उनके विचार और दर्शन संग्रहित हैं।

### स्वामी दयानंद सरस्वती के महत्वपूर्ण विचार

* "वेदों में वर्णित सार का पान करने वाले ही यह जान सकते हैं कि जिंदगी का मूल बिंदु क्या है।"
* "क्रोध का भोजन विवेक है, अतः इससे बचके रहना चाहिए। क्योंकि विवेक नष्ट हो जाने पर, सब कुछ नष्ट हो जाता है।"
* "अहंकार एक मनुष्य के अंदर वह स्थिति लाती है, जब वह आत्मबल और आत्मज्ञान को खो देता है।"
* "ईर्ष्या से मनुष्य को हमेशा दूर रहना चाहिए। क्योंकि यह मनुष्य को अंदर ही अंदर जलाती रहती है और पथ से भटकाकर पथभ्रष्ट कर देती है।"
* "अगर मनुष्य का मन शांत है, चित्त प्रसन्न है, हृदय हर्षित है, तो निश्चय ही यह अच्छे कर्मों का फल है।"

## भगवान भोलेनाथ और माता पार्वती के साथ एक कन्या का भी कराया जाएगा विवाह

# महाशिवरात्रि पर्व को लेकर भूतेश्वर महादेव मंदिर में चल रही जोर शोर से तैयारी



**संत हिरदाराम नगर।** महाशिवरात्रि पर्व को लेकर जगह-जगह मंदिरों में तैयारियां शुरू हो गई है। संत नगर नई बस्ती स्थित भूतेश्वर महादेव मंदिर प्रांगण में महाशिवरात्रि के अवसर पर पंच दिवसीय शिव पार्वती विवाह महोत्सव कार्यक्रम धूमधाम से मनाया जाएगा जिसमें भगवान भोलेनाथ और माता पार्वती की सगाई, मण्डप, हल्दी, माता पूजन के साथ शिव बारात और वरमाला का कार्यक्रम आयोजित किया गया है इस अवसर पर विधायक रामेश्वर शर्मा, राम बंसल सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहेंगे।

आयोजक मिक्की दास ने बताया कि महाशिवरात्रि को लेकर पूरी तरह नई बस्ती कॉलोनी को रंगीन लाइट से दुल्हन की तरह से सजाया गया है और मंदिर चारों तरफ साफ सफाई कराई गई है इस बार मंदिर समिति के सदस्यों द्वारा एक गरीब कन्या का विवाह कार्यक्रम भी मंदिर में रखा गया। जिसमें कन्या को गृहस्ती का सामान दिया जाएगा। इस कार्यक्रम में विकास मारण, ब्रजेश भार्गव, मनीष कुशवाहा, हिमांशु चौकीदार, इमरत मेहर, विकास मेहर, सौरभ शर्मा, जसवंत, अवध, अभिषेक, बने सिंह,अज्जू, राहुल, भोला, विष्णु, नरेंद्र सहित मंदिर समिति के सदस्य कार्यकर्ता एवं हजारो की संख्या में श्रद्धालुओं शामिल होंगे, 27 फरवरी को विशाल आम भंडारे का आयोजन भी किया गया है।

## केवलराम चैनराय स्कूल में स्वामी दयानंद सरस्वती की जयंती पर श्रद्धांजलि समारोह

**संत हिरदाराम नगर।** केवलराम चैनराय पब्लिक स्कूल में स्वामी दयानंद सरस्वती की जयंती पर विशेष श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। विद्यालय की प्राचार्या सुमन विश्वकर्मा ने शिक्षिकाओं के साथ मां भारती, मां सरस्वती, संत शिरोमणि हिरदाराम साहिब एवं स्वामी दयानंद सरस्वती के चित्रों के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इस अवसर पर शिक्षिका अंजलि दादवानी ने स्वामी दयानंद सरस्वती के जीवन और उनके आत्मिक एवं सामाजिक योगदान पर प्रकाश डाला। संगीत शिक्षिका स्तुति भार्गव के नेतृत्व में विद्यार्थियों द्वारा सामूहिक गीत की मनमोहक प्रस्तुति दी गई, जिसने सभी को भाव-विभोर कर दिया। सिद्ध भाऊ ने अपने संदेश में विद्यार्थियों को स्वामी के सामाजिक कार्यों, उनके नियमों और सिद्धांतों से प्रेरणा लेने की बात कही। विद्यालय प्राचार्या ने अपने संबोधन में कहा कि यदि हम स्वामी के ग्रंथों एवं विचारों को अपनाएं, तो हमारा राष्ट्र पुनः विश्वगुरु, गौरवशाली, वैभवशाली, संपन्न, सदाचारी और महान बन सकता है।

# निगम ने हटाये शहर के अनेक क्षेत्रों से अतिक्रमण ठेले, काउंटर, पान पार्लर, सिलेंडर किए जब्त

**सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल**

नगर निगम द्वारा सड़कों, फुटपाथों, कॉरीडोर व सार्वजनिक स्थलों आदि से अतिक्रमणों को हटाने की कार्यवाही निरंतर की जा रही है। इसी तारतम्य में निगम के अतिक्रमण निरोधक दस्ते ने सीएम हेल्पलाईन व अन्य माध्यमों से प्राप्त शिकायतों के निवारण तथा निगम की नियमित कार्यवाही के तहत शहर के अनेक क्षेत्रों से अतिक्रमणों को हटाने की कार्यवाही करते हुए अवैध रूप से बना चबूतरा व शेड एवं अवैध रूप से लगाई गई अस्थाई दुकानों, गन्ने की चरखी, अवैध रूप से खड़े दो पहिया व चार पहिया वाहन सहित अन्य प्रकार के अतिक्रमणों को हटाया और बड़ी संख्या में ठेले, काउंटर, पान पार्लर, सिलेंडर, लूज बर्तन, कांटे-बांट, स्टूल आदि जप्त किये। निगम आयुक्त हरेन्द्र नारायन के निर्देश पर निगम के अतिक्रमण निरोधक दस्ते के दलों ने शनिवार को शाहपुरा लेक, बागसेवनिया, शाहजहांनाबाद, अवधपुरी, रॉयल मार्केट, आईटीआई, जहांगीराबाद, संगम टॉकीज, बोगदापुल, बांसखेड़ी, 11 मील, कोलार डी मार्ट, बीमा कुंज, न्यू मार्केट, पंचानन बिल्डिंग, श्यामला हिल्स, लिंक रोड नं. 01, 02, 03, टी.टी.नगर दशहरा मैदान, नेहरू नगर, माता मंदिर, टी.टी.नगर, पीरगेट, चौक बाजार, जुमेराती गेट, इकबाल मैदान, इंद्रपुरी आदि क्षेत्रों में अतिक्रमणों को हटाने की कार्यवाही की। निगम अमले ने उपरोक्त क्षेत्रों में अवैध रूप से बनें चबूतरे एवं शेड को हटाने के साथ ही चिकन, कपड़ा, बर्तन आदि के व्यवसायियों द्वारा लगाई गई अस्थाई दुकानों व गन्ने की चरखी सहित विभिन्न क्षेत्रों में अवैध रूप से खड़े दो पहिया, चार पहिया वाहन आदि को हटाने की कार्यवाही की।

निगम अमले ने उपरोक्त कार्यवाही के दौरान 17 ठेले, 76 कैरेड, 05 कांटे बांट, 03 टेबिल, 01 फूड स्टैण्ड, 01 पान पार्लर, 01 काउंटर, 01 सिलेंडर आदि सहित विभिन्न प्रकार का सामान जप्त किया। निगम अमले ने पुनः अतिक्रमण न करने की समझाइश दी और चेतावनी भी दी यदि पुनः अतिक्रमण किया पाया जाता है तो और अधिक कठोर कार्यवाही की जायेगी।

# जीआईएस-2025 मप्र को देश में नंबर-1 बनाने की दिशा में एक अभिनव प्रयास: मुख्यमंत्री डॉ. यादव



### जीआईएस, प्रदेश को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगी ,भोपाल में होंगे ऐसे और भी आयोजन

### रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव को अब जिला स्तर तक लेकर जाएंगे, इससे प्रदेश के औद्योगिक विकास को मिलेगी और अधिक गति

**सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने 24-25 फरवरी को आयोजित हो रही ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2025 से पहले भोपाल के अलग-अलग स्थानों पर की जा रही तैयारियों का निरीक्षण किया। उन्होंने जीआईएस की तैयारियों में लगे अधिकारियों को आवश्यक निर्देश भी दिए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2025 की तैयारियां अपने अंतिम चरण में हैं। रविवार को प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी मध्यप्रदेश आयेंगे। उनका आगमन समस्त प्रदेशवासियों के लिए एक गौरवशाली क्षण है। हम प्रधानमंत्री श्री मोदी का हार्दिक स्वागत एवं अभिनंदन करते हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सालों के बाद ऐसा अवसर आया है कि प्रधानमंत्री भोपाल में ही रात्रि विश्राम करेंगे। इस ऐतिहासिक आयोजन के लिए हर स्तर पर व्यापक व्यवस्थाएं की जा रही हैं। प्रधानमंत्री श्री मोदी भोपाल में निर्वाचित जनप्रिनिधियों एवं शीर्ष पदाधिकारियों की बैठक लेंगे।

जीआईएस-2025 की तैयारियों के निरीक्षण के बाद मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मीडिया से चर्चा में कहा कि ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट मध्यप्रदेश को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगी। इसमें देश-विदेश के शीर्ष उद्योगपति एवं निवेशक शामिल होंगे, जिनका आत्मीय आतिथ्य-सत्कार किया जाएगा। हम न केवल उन्हें निवेश के सभी अवसर प्रदान करेंगे, बल्कि उनका विश्वास भी जीतने का प्रयास करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने उम्मीद जताई है कि भोपाल जीआईएस-2025 एक नया कीर्तिमान स्थापित करेंगी। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश में इस प्रकार के बड़े आयोजनों के लिए आगे भी प्रयास कि जाएंगे। मध्यप्रदेश देश में नंबर-1 बने इस दिशा में एक अभिनव प्रयास भोपाल में हो रहा है। सरकार ने संभाग स्तर पर सफलतापूर्वक रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव आयोजित कर प्रदेशभर में औद्योगिकीकरण एवं निवेश लाने की शुरुआत की है। अब हमारी सरकार रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव को जिला स्तर तक लेकर जायेगी, जिससे हर जिले, हर ब्लॉक के औद्योगिक विकास को भी और अधिक गति मिलेगी।

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने एमपी टूरिज्म के नवीन टीवीसी 'स्वागतम बड़ा' को किया लांच

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रदेश के आकर्षक पर्यटन स्थल, सुरम्य संस्कृति, अद्भुत परिदृश्यों और समृद्ध इतिहास को प्रदर्शित करते मंत्रमुग्ध कर देने वाले नवीन टीवीसी 'स्वागतम बड़ा' को लॉन्च किया। एमपी टूरिज्म बोर्ड द्वारा लार्जर देन लाइफ थीम पर बनाए गये 'स्वागतम बड़ा' टीवीसी की खासियत इसका दमदार संगीत और बैक ग्राउंड स्कोर है। गीतकार इरशाद कामिल के बोल, विशाल भारद्वाज द्वारा क्रिएटिव डायरेक्शन ने इसे और भी खास बना दिया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने हेरिटेज होटल सदर मंज़िल के शुभारंभ कार्यक्रम में इसे लॉन्च किया। प्रमुख सचिव पर्यटन और संस्कृति एवं प्रबंध संचालक टूरिज्म बोर्ड शिव शेखर शुक्ला ने बताया कि टीवीसी में प्रदेश के विविध पर्यटन स्थलों को भव्यता से प्रस्तुत किया गया हैं। इस मनमोहक टीवीसी में यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल सांची, महाकालेश्वर उज्जैन, कूनो में चीता, मोगलीलैंड, कान्हा राष्ट्रीय उद्यान, इंदौर की गेर और जनजातीय चित्रकला आदि को दिखाया किया गया है। टीवीसी में प्रदेश की समृद्ध विरासत, संस्कृति, संपन्न वन्य जीवन, आध्यात्मिकता और जनजातीय कला की अनूठी झलक मिलती है। इसे देखकर निश्चित ही पर्यटक मध्यप्रदेश की ओर आकर्षित होंगे। स्वागतम बड़ा कैम्पेन को टीवी, ओटीटी, डिजिटल और आउटडोर सहित विभिन्न माध्यमों पर व्यापक स्तर पर प्रसारित कर प्रदेश के टूरिस्ट डेस्टिनेशन का प्रचार किया जायेगा।

### एमपी टूरिज्म की टीवीसी श्रृंखला

2006 में हिंदुस्तान का दिल देखो
2008 में हिंदुस्तान का दिल देखा
2010 में एमपी अजब है, सबसे गजब है
2013 में रंग है मलंग है
2016 में एमपी में दिल हुआ बच्चे सा
2018 में मेमोरीज़ ऑफ़ डेस्टिनेशन
2023 में जो आया सो वापस आया, ये है एमपी की माया
2024 में मोह लिया रे।

### केंद्रीय कृषि मंत्री ने किया ऐलान

# प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने राष्ट्रीय स्तर की समिति का गठन जल्द



**चण्डीगढ़।** केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि देश में प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए जल्द ही राष्ट्रीय स्तर की एक समिति का गठन किया जाएगा। इस समिति के जरिए देश के किसानों को प्राकृतिक खेती अपनाने के प्रति जागरूक करने के साथ-साथ प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। अगर देश के किसान प्राकृतिक खेती को सही तरीके से अपनाएंगे तो निश्चित ही किसानों को ना केवल अच्छी आय होगी अपितु धरती की उपजाऊ शक्ति को भी बचाया जा सकेगा। इसके साथ ही नागरिकों को बिना दवाई और पेस्टिसाइड के सब्जियां, अनाज और फल मिल पाएगा। केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान जिला कुरूक्षेत्र के गांव कैंथला में गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत की देखरेख में की जा रही प्राकृतिक खेती का अवलोकन करने के उपरांत पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। इससे पहले केन्द्रीय मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने गुरुकुल कुरुक्षेत्र का अवलोकन किया। यहां पर देशी नस्ल की गायों की गौशाला, गोबर गैस प्लांट, गुरुकुल के होस्टल और अन्य संस्थानों का बारीकी से अवलोकन किया और गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री को गुरुकुल की प्रगति और उपलब्धियों को विस्तार के साथ रखा। इसके उपरांत केन्द्रीय मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान, गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत, हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्री श्याम सिंह राणा ने गांव कैंथला में की जा रही प्राकृतिक खेती का अवलोकन किया।

केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री ने कैंथला प्राकृतिक खेती के फार्म हाउस पर गेहूं, गन्ने की फसल के साथ-साथ सब्जियों और फलदार पौधों को देखा और आश्चर्य चकित रह गए। इसके साथ ही केंद्रीय मंत्री ने गुड बनाने की प्रक्रिया को देखा और ताजे गुड का स्वाद भी चखा। इन तमाम अहम विषयों को देखने के बाद केन्द्रीय कृषि मंत्री ने गुजरात के राज्यपाल आचार्य डा. देवव्रत के प्रयासों की प्रशंसा करते हुए कहा कि गुरुकुल के खेतों में प्राकृतिक खेती के व्यवाहरिक तरीके को देखकर एक सुखद एहसास हुआ। आज के युग में कैमिकल, फर्टिलाइजर के ज्यादा प्रयोग से धरती की उर्वरा शक्ति खत्म हो गई है और मित्र कीट भी मर रहे है। इस धरती से उत्पादित फल, सब्जियों के कारण कई रोगों ने जन्म ले लिया है। अगर स्थिति नहीं बदली तो देश की भावी पीढ़ी माफ नहीं करेगी।

उन्होंने कहा कि अब सही समय है कि प्राकृतिक खेती को अपनाया जाए। इस प्राकृतिक खेती को धीरे-धीरे अपनाकर अच्छा मुनाफा कमाया जा सकता है। किसानों की धारना गलत है कि प्राकृतिक खेती को अपनाने से उत्पाद घटता है, लेकिन अगर सही तरीके से प्राकृतिक खेती को अपनाया जाए तो उत्पाद के साथ-साथ अन्न की गुणवत्ता और धरती भी बच जाएगी। इस खेती के साथ एक साथ कई फसले ली जा सकती है इसका अद्भुत प्रयोग गांव कैंथला के फार्म में देखने को मिला है। यहां की फसलों का रंग देखकर पुराने जमाने की यादें ताजा हो गई है। केन्द्रीय कृषि मंत्री ने कहा कि देश के किसानों को गांव कैंथला को प्राकृतिक खेती के मॉडल को जरूर देखना चाहिए।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में प्राकृतिक खेती के मिशन को आगे बढ़ाया जा रहा है। इस मिशन को सफल बनाने के लिए गुजरात के राज्यपाल आचार्य डा. देवव्रत सराहनीय कार्य कर रहे है। आज किसानों को एक या दो एकड़ से प्राकृतिक खेती को शुरू करना चाहिए, लेकिन इसके लिए प्रशिक्षण लेना जरूरी है। प्रशिक्षण लेने के बाद ही प्राकृतिक खेती को आगे बढ़ाया जा सकता है। इस फार्म हाउस पर हजारों लोग विजिट कर रहे है और पूरे देश में यह फार्म हाउस एक प्राकृतिक खेती के मॉडल के रूप में पहचान बना चुका है।

## स्कूल में बच्चों की उपस्थिति बढ़ाने पर नर्मदापुरम को मिला प्रतिष्ठित स्कॉच पुरस्कार

### चल रहा है सीटी बजाओ-बच्चे बुलाओ कार्यक्रम



**सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल**

प्रदेश में शैक्षणिक गुणवत्ता में और अधिक वृध्दि के लिए निरन्तर प्रयास किये जा रहे हैं। इसी कड़ी में प्रदेश के नर्मदापुरम ज़िले में विद्यार्थियों की शाला में नियमित उपस्थिति के लिए जिला कलेक्टर की पहल पर संचालित ''सीटी बजाओ-बच्चे बुलाओ'' कार्यक्रम को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिली है। जिले की इस पहल को इस वर्ष का प्रतिष्ठित स्कॉच पुरस्कार प्राप्त हुआ है। जिला शिक्षा केन्द्र नर्मदापुरम की इस उपलब्धि पर स्कूल शिक्षा मंत्री श्री उदय प्रताप सिंह, सचिव स्कूल शिक्षा डॉ. संजय गोयल और राज्य शिक्षा केन्द्र के संचालक श्री हरजिंदर सिंह ने नर्मदापुरम जिला कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना, जिला परियोजना समन्वयक डॉ. राजेश जायसवाल सहित कार्यक्रम से जुडे सभी सहयोगियों और शिक्षकों को बधाई दी है।

प्रदेश में ग्रामीण परिवेश के परिवारों में जागरूकता की कमी से बच्चे नियमित रूप से स्कूल नहीं पहुँच पाते हैं। इसका सीधा प्रभाव उनके सीखने के स्तर पर पड़ता है। इसके लिए कलेक्टर नर्मदापुरम सुश्री सोनिया मीना ने प्रारंभिक तौर पर जिले की 5 शालाओं में, जहाँ की उपस्थिति 30 प्रतिशत के आसपास थी, वहाँ ''सीटी बजाओ-बच्चे बुलाओ'' का रोचक और अभिनव नवाचार प्रारंभ किया। इसमें शाला के शिक्षक के साथ बच्चों की एक टीम, जिसमें एक सीटी कैप्टन होता है, उन बच्चों के घर के सामने जाकर सीटी बजाते हैं, जो बच्चे नियमित रूप से स्कूल नहीं आते। सीटी की आवाज सुनकर गाँवों में भी यह बात प्रचारित होती चली गई कि सीटी बजाने का मतलब बच्चों को स्कूल भेजना है। सीटी बज गई शाला खुल गई अभियान में ग्रामीणों ने भी सहयोग दिया और पालक भी बच्चों को तैयार करके स्कूल भेजने लगे। आज इन स्कूलों की उपस्थिति 30 प्रतिशत से बढ़कर लगभग 70 प्रतिशत हो गई है।

कार्यक्रम के सकारात्मक परिणामों के आधार पर जिला शिक्षा केन्द्र द्वारा इस नवाचार को स्कॉच अवार्ड के लिए नामांकित किया गया था। सेमी-फाइनल राउंड में देश के बड़े संस्थानों के प्रतिष्ठित 22 प्रोजेक्ट में से प्रदेश के इस अभिनव प्रयास को स्कॉच अवार्ड के लिए चुना गया। अब जिले की अन्य शालाओं में भी इस प्रयोग से बच्चों की उपस्थिति बढ़ाने के प्रयास किये जा रहे हैं, जो कि परीक्षा की तैयारी के लिए भी सार्थक सिद्ध हो रहे हैं।

उल्लेखनीय है कि स्कॉच अवार्ड सामाजिक-आर्थिक क्षेत्र में सकारात्मक परिवर्तनों के नेतृत्व के साथ समाज और शासन में लाभकारी परिवर्तनों में महत्वपूर्ण योगदान देने के लिए प्रदान किया जाता है।

# रीवा के विकास में सांस्कृतिक आयोजन उल्लास और उत्साह भरने का कार्य कर रहे हैं: उपमुख्यमंत्री शुक्ल

### चित्रांगन फिल्म एण्ड थिएटर फेस्टिवल में उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल हुए शामिल



उपमुख्यमंत्री श्री राजेंद्र शुक्ल ने कहा कि रीवा के तेजी से हो रहे विकास में सांस्कृतिक आयोजनों की प्रस्तुतियां उल्लास और उत्साह का माहौल भरने का कार्य कर रहे हैं। इस तरह के आयोजन आज की भाग दौड़ भरी जिंदगी में थकान को मिटाने व शांति का एहसास कराने का माध्यम बन रहे हैं। चित्रांगन फिल्म एंड थियेटर फेस्टिवल के द्वितीय दिवस पर शुक्रवार को आयोजित फूल नौटंकी विलास नाटक की प्रस्तुति के दौरान उपमुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने खुले दिल से प्रशंसा की तथा नाटक के पात्रों को शुभकामनाएं दी। इस दौरान उन्होंने कहा कि रीवा में परंपरा की शुरुआत हुई है। कृष्णा राज कपूर ऑडिटोरियम विविध आयोजनों का गवाह बन रहा है, यहां होने वाले आयोजनों में देश के ख्यातिलब्ध कलाकारों की प्रस्तुतियां उभरती हुई प्रतिभाओं का मार्गदर्शन करेंगे। उन्होंने पांच दिवसी चित्रांगन आयोजन के लिए आयोजकों की प्रशंसा की तथा कलाकारों को स्मृति चिन्ह व शाल श्रीफल देकर सम्मानित किया। इससे पूर्व उपमुख्यमंत्री ने परिसर में लगाए गए पुस्तक मेले व आर्ट क्राफ्ट मेले का अवलोकन किया। इस अवसर पर जिला भाजपा अध्यक्ष श्री वीरेंद्र गुप्ता, वरिष्ठ पत्रकार जयराम शुक्ल, यूपीआई के क्षेत्रीय प्रबंधक अजय खरे, निदेशक अंकित मिश्रा, अभय सिंह, विभु सूरी सहित बड़ी संख्या में गणमान्य जन तथा दर्शक उपस्थित रहे।

## उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने आमजनों की सुनी समस्याएं, अस्पताल में भर्ती ज्ञानी प्रसाद उर्मलिया के स्वास्थ्य की जानकारी भी ली

**भोपाल।** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने अपने रीवा प्रवास के दौरान निज निवास में आमजनों की समस्याएं सुनी और निराकरण लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। उप मुख्यमंत्री ने सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में विभिन्न व्यवस्थाओं की समीक्षा भी की। उन्होंने विभिन्न मशीनों के संचालन, दवाईयों की उपलब्धता, कैथलैब, एंजियोप्लास्टी संबंधी बाईपास सर्जरी आदि के संबंध में जानकारी ली। उप मुख्यमंत्री ने सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में भर्ती ज्ञानी प्रसाद उर्मलिया के स्वास्थ्य की जानकारी भी ली और चिकित्सकों को समुचित उपचार के निर्देश दिए। इस अवसर पर डीन डॉ सुनील अग्रवाल सहित अन्य चिकित्सकगण उपस्थित रहे।



## मुख्यमंत्री ने संत श्रद्धानंद सरस्वती की जयंती और कस्तूरबा गांधी की पुण्यतिथि पर किया नमन

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने संत स्वामी श्रद्धानंद सरस्वती की जयंती पर श्रद्धासुमन अर्पित किए है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि स्वामी जी ने संपूर्ण जीवन राष्ट्र सेवा, धर्म और शिक्षा के प्रति समर्पित किया। वेदों की शिक्षा को जन-जन तक पहुँचाने, समाज सुधार करने और स्वतंत्रता संग्राम में योगदान देने के लिए वे सदैव स्मरणीय रहेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सोशल मीडिया एक्स पर कहा कि संत श्रद्धानंद सरस्वती का जीवन हमें सत्य, सेवा और समर्पण की प्रेरणा देता है। उनके आदर्शों पर चलते हुए समाज सुधार और शिक्षा के क्षेत्र में कार्य करना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने राष्ट्र पिता महात्मा गांधी की धर्मपत्नी और स्वाधीनता संग्राम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाली कस्तूरबा गांधी की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा है कि बा ने नारी शक्ति को एकजुट कर स्वतंत्रता आंदोलन को गति दी। उनका जीवन संयम, सादगी और अनुशासन से परिपूर्ण था, जो हमें सदैव उच्च आदर्शों एवं जीवन मूल्यों के प्रति संकल्पित रहने की प्रेरणा देता रहेगा।

## प्रदेश में सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने प्रशिक्षण केन्द्र

**भोपाल।** सड़क, परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय द्वारा सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के उद्देश्य से प्रदेश में 3 स्तरों पर ड्रायविंग प्रशिक्षण केन्द्र की स्थापना की जा रही है। यह प्रशिक्षण केन्द्र प्रादेशिक, संभागीय और जिला स्तर पर संचालित करने का निर्णय लिया गया है। सड़क, परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय द्वारा इंदौर और छिंदवाड़ा में प्रादेशिक स्तर के प्रशिक्षण केन्द्र संचालित किये जा रहे हैं। छतरपुर में प्रादेशिक स्तर का प्रशिक्षण केन्द्र की भारत सरकार द्वारा स्वीकृति मिल गयी है। इसके साथ ही सिंगरौली, धार, सतना, सीधी, रायसेन, रीवा, दमोह, देवास एवं विदिशा में जिला स्तरीय प्रशिक्षण केन्द्र का निर्माण कार्य जारी है। भोपाल, छतरपुर और बैतूल में स्वीकृत प्रादेशिक ड्रायविंग ट्रेनिंग सेंटर का निर्माण कार्य जारी है। प्रदेश में प्रतिवर्ष 78 प्रतिशत सड़क दुर्घटनाएँ वाहन चालक की गलती के कारण होती हैं। इस उद्देश्य से प्रदेश में ड्रायविंग ट्रेनिंग सेंटर संचालित करने का निर्णय लिया गया है।

## फोटो जर्नलिस्ट देवेंद्र दुबे का निधन



**भोपाल।** वरिष्ठ फोटो जर्नलिस्ट देवेंद्र दुबे का निधन हो गया। उनकी शनिवार को हार्ट सर्जरी हुई थी। उनकी अंतिम यात्रा रविवार को सुबह 11 बजे उनके निज निवास अभिलाषा अपार्टमेंट, सर्वधर्म पुल कोलार से निकाली गई। उनका अंतिम संस्कार सन खेड़ी विश्रामघाट पर किया गया। अंतिम यात्रा में वरिष्ठ पत्रकार समेत कई नागरिक शामिल हुए।

# कृषि-उद्यानिकी उत्पादों को बेहतर मार्केट उपलब्ध कराने सरकार कृत-संकल्पित: कुशवाह

### उद्यानिकी मंत्री ने किया कार्यशाला का शुभारंभ

**सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल**

उद्यानिकी एवं खाद्य प्र-संस्करण मंत्री रायण सिंह कुशवाह ने कहा है कि कृषि एवं उद्यानिकी उत्पाद को बेहतर मार्केट उपलब्ध हो सके, इसके लिये राज्य सरकार कृत-संकल्पित है। प्रदेश में खाद्य प्र-संस्करण इकाइयों की अधिकाधिक स्थापना के लिये भोपाल में आयोजित होने वाली ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में बड़ी संख्या में इन्वेस्टर्स द्वारा रुचि ली गई है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार-भारत सरकार के साथ मिलकर उत्पादकों को बेहतर बाजार उपलब्ध करायेगी। उन्होंने यह बात शनिवार को भोपाल हाट बाजार में विपणन एवं निरीक्षण निदेशालय, कृषि मंत्रालय भारत सरकार द्वारा आयोजित कार्यशाला और राष्ट्रीय प्रदर्शनी के शुभारंभ अवसर पर कही। इस अवसर पर कमिश्नर उद्यानिकी श्रीमती प्रीति मैथिल, सहायक कृषि विपणन सलाहकार भारत सरकार श्री अक्षय याकूब सहित किसान भाई, एफपीओ के सदस्य उपस्थित थे। मंत्री श्री कुशवाह ने कहा कि मध्यप्रदेश उद्यानिकी और कृषि फसलों के उत्पादन में देश में महत्वपूर्ण स्थान रखता है। प्रदेश में खाद्य प्र-संस्करण इकाइयों की स्थापना के लिये राज्य शासन द्वारा विशेष प्रयास किये जा रहे हैं। प्रदेश के बाहर के खाद्य प्र-संस्करण के क्षेत्र में कार्य करने वाले उद्यमियों को राज्य शासन उद्यम निवेश नीतियों के तहत पूर्ण सहयोग और समर्थन दिया जायेगा। उन्होंने उद्यानिकी फसलों के संबंध में अपने अनुभव भी साझा किये। सहायक कृषि विणन सलाहकार भारत सरकार श्री अक्षय याकूब ने बताया कि कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य कृषि विपणन से जुड़े किसानों को आधुनिक विपणन तकनीकों से अवगत कराना, सहकारी संस्थानों की भूमिका, एग्री-बिजनेस के अवसरों को बढ़ावा देना तथा ग्रामीण एवं शहरी बाजारों के बीच तालमेल स्थापित करना शामिल है। इस कार्यक्रम में विभिन्न विशेषज्ञ एगमार्क सर्टिफिकेशन, आधुनिक विपणन प्रणाली, मूल्य संवर्धन प्र-संस्करण भंडारण, निर्यात तथा ई-बाजार जैसे पहलुओं पर विस्तृत व्याख्यान दिये गये। इसके अलावा कार्यशाला में किसानों को प्रशिक्षण देकर उन्हें नवीनतम कृषि विपणन नीतियों और योजनाओं से अवगत कराया गया।



# अभिव्यक्ति की आजादी



केंद्र सरकार ने यूट्यूबर की अभद्र टिप्पणी के विवाद के बाद ओटीटी प्लैटफॉर्म्स के लिए अडवाइजरी जारी की है। सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने सभी संबंधित कानूनों के पालन की सलाह दी। सुप्रीम कोर्ट ने अभिव्यक्ति की आजादी की सीमाओं पर ध्यान देते हुए टिप्पणी पर नाराजगी जताई है।

यूट्यूबर रणवीर इलाहाबादिया की एक अभद्र टिप्पणी से पैदा हुए विवाद के मद्देनजर केंद्र सरकार की ओर से गुरुवार को ओटीटी प्लैटफॉर्म्स के लिए जारी की गई अडवाइजरी ने स्वाभाविक ही सबका ध्यान खींचा है। हालांकि, सरकार इस मामले में अपनी तरफ से काफी संयम बरतती हुई दिखी है और उसके ताजा कदम को मुख्यतया सुप्रीम कोर्ट के कड़े रुख से जोड़कर देखा जा रहा है। लेकिन यह कदम भी कई सवालों को जन्म दे रहा है।

विवाद का दायरा – भारत जैसे पारिवारिक मूल्यों वाले समाज में ऐसी संवेदनहीन टिप्पणी सामने आने पर विवाद खड़ा हो जाना अस्वाभाविक नहीं कहा जा सकता। उसके बाद कई राज्यों में दर्ज हुई स्नढ्ढक्रको भी कुछ हद तक इन विवादों का स्वाभाविक परिणाम माना जा सकता है। लेकिन इस एक शो में हुई टिप्पणी के आधार पर अभिव्यक्ति की आजादी जैसे अहम मसले को बहस के दायरे में ले आना कितना उचित है और कितना आवश्यक, यह जरूर देखने वाली बात होगी।

सरकार की सतर्कता – संभवतः इसीलिए सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणियों के मद्देनजर ओटीटी प्लैटफॉर्म्स के लिए अडवाइजरी जरूर जारी की, लेकिन इसमें सभी संबंधित कानूनों के मौजूदा प्रावधानों का पालन सुनिश्चित करने की सलाह तक सीमित रही। इस बाबत किसी तरह की चूक होने पर भी वह स्वनियामक प्रणाली के इस्तेमाल को प्राथमिकता देती दिख रही है।

सीमाएं भी निर्धारित – यह बात ध्यान देने की है कि अपने देश की न्यायपालिका नागरिकों की अभिव्यक्ति की आजादी को लेकर शुरू से संवेदनशील रही है। सत्तर के दशक के मध्य में लागू हुई इमर्जेंसी की छोटी सी अवधि को छोड़ दें तो जब भी इस अधिकार को बाधित या सीमित करने की जानी-अनजानी कोशिश हुई, सुप्रीम कोर्ट इसके बचाव में खुलकर सामने आया। इसलिए इस मान्यता को लेकर सर्वसम्मति सी बनी रही कि संविधान के अनुच्छेद 19 (1) (ए) के तहत मिली अभिव्यक्ति की आजादी की सीमाएं भी संविधान के ही अनुच्छेद 19 (2) ने तय कर दी है। इन सीमाओं का विस्तार करने का कोई भी बहाना उचित नहीं माना जाएगा।

कोर्ट का रुख – रणवीर इलाहाबादिया से जुड़े मौजूदा मामले में सुप्रीम कोर्ट ने गिरफ्तारी से राहत जरूर दी, लेकिन न केवल इन टिप्पणियों पर सख्त नाराजगी दिखाई बल्कि इन यूट्यूबर्स के कोई भी विडियो अपलोड करने या शो करने पर अगले आदेश तक के लिए रोक लगा दी। सवाल है कि क्या इंटरनेट और सोशल मीडिया के इस दौर में शीर्ष अदालत अभिव्यक्ति की आजादी के दायरे को पुनर्परिभाषित करने की जरूरत महसूस कर रही है। आने वाले दिनों में कोर्ट का रुख देखकर ही इस बारे में कोई अंतिम राय बनाई जा सकेगी।

# भारत को रूस की है जरूरत



■ डॉ. ब्रह्मदीप अलूने
वैदेशिक मामलों के जानकार

शक्ति संतुलन की व्यवस्था अस्थाई और अस्थिर होती है,वैश्विक राजनीति में शक्ति संतुलन को शांति और स्थिरता बनाये रखने का एक साधन माना जाता है। ट्रम्प के अमेरिका के राष्ट्रपति बनने के बाद उनकी अविश्वसनीय वैदेशिक नीतियां भारत की चुनौतियां बढ़ा रही है। भारत अपनी भू-रणनीतिक स्थिति के कारण किसी एक महाशक्ति के साथ पूर्ण सहयोग पर चलने की नीति को नहीं अपना सकता। ऐसा लगता है की ट्रम्प यह तय करने की कोशिश कर रहे है की जो अमेरिका के साथ नहीं है वह अमेरिका का विरोधी है,और यह स्थिति भारत के रणनीतिक हितों को कभी रास नहीं आ सकती।

दरअसल बदलते वैश्विक परिदृश्य में भारत को रूस की भी जरूरत है और अमेरिका भी उसका बढ़ा सामरिक और आर्थिक साझेदार है। खासकर सीमा पर चीन की बढ़ती चुनौतियों के बीच भारत को रूस,अमेरिका और यूरोपियन देशों से मित्रतापूर्ण सम्बन्धों की समान जरूरत है। भारत अपनी कुल रक्षा ज़रूरतों का 70 फ़ीसदी हथियार रूस से आयात करता है,दुनिया के किसी भी दूसरे देश के साथ भारत का इतने विशाल स्तर पर सामरिक सहयोग नहीं है।1974 में भारत द्वारा किया गया परमाणु परीक्षण हो या युद्धपोत पनडुब्बी, आधुनिकतम टैंक, मिसाइल तकनीकी,स्पेस तकनीकी या पंचवर्षीय योजनाएं रुस ने एक अच्छे मित्र की तरह सदैव भारत के पक्ष में आवाज बुलन्द की है। सीमा पर चीन की आक्रामता को देखते हुए भारत को न केवल रूस की ज़रूरत है बल्कि अमेरिका और यूरोप की भी ज़रूरत है। सीमा पर चीनी आक्रामकता को लेकर अमेरिका भारत के समर्थन में बोलता रहा है। चीन को नियंत्रित करने के लिए भारत ने अमेरिका और अन्य देशों के साथ समुद्री सहयोग के जरिये क्वाड का हिस्सा बनकर बड़ा दांव खेला है। दूसरी तरफ़ यूरोप और अमेरिका भी भारत के अहम साझेदार हैं। भारत-चीन सीमा पर निगरानी रखने में भारतीय सेना को अमेरिकी एयरक्राफ़्ट से मदद मिलती है। सैनिकों के लिए विंटर क्लोथिंग भारत अमेरिका और यूरोप से ख़रीदता है। ऐसे में भारत न तो रूस को छोड़ सकता है और न ही पश्चिम को।

भारत की हिन्द महासागर को लेकर वर्तमान नीति शक्ति संतुलन पर आधारित है। हिन्द महासागर की सुरक्षा को लेकर भारत मुखर रहा है और उस पर चीन का प्रभाव उसे आशंकित भी करता रहा है। 2007 में स्थापित क्वाड भारत, जापान,संयुक्त राज्य अमेरिका और ऑस्ट्रेलिया का समूह है जो स्वतंत्र,खुले और समृद्ध हिंद-प्रशांत क्षेत्र को सुरक्षित करने की बात कहते रहे है। हालांकि इन चार देशों के साझा उद्देश्य को लेकर चीन के साथ रूस इसकी आलोचना करता रहा है। अमेरिका की नजर हिन्द प्रशांत क्षेत्र के रणनीतिक और आर्थिक महत्व पर भी है। इस क्षेत्र में चीन ने कई देशों को चुनौती देकर विवादों को बढ़ाया है।



**भारत अमेरिका पर पूर्ण भरोसा इसलिए भी नहीं कर सकता क्योंकि अमेरिका के हित वैश्विक हितों से मेल नहीं खाते। अमेरिका अपने हित बदलते ही नीतियां भी बदल लेता है, जैसे ट्रंप अब यूक्रेन को दरकिनार कर रूस के साथ खड़े नजर आ रहे हैं। ऐसे में भारत के लिए रूस ज्यादा मुफीद है, और यह साम्यवादी देश कई बार अपनी उपयोगिता साबित कर चुका है। भारत और रूस के बीच रक्षा, ऊर्जा और भू-राजनीतिक मुद्दों पर ऐतिहासिक और मजबूत रिश्ते रहे हैं। रूस के साथ भारत की साझेदारी दशकों से कायम है। अगर रूस भारत को सामरिक मदद बंद करता है, तो इसका भारत की रक्षा नीति और अंतरराष्ट्रीय स्थिति पर महत्त्वपूर्ण असर पड़ सकता है**

चीन वन बेल्ट वन रोड परियोजना को साकार कर दुनिया में अपना प्रभुत्व स्थापित करना चाहता है और उसके केंद्र में हिन्द प्रशांत क्षेत्र की अहम भागीदारी है। चीन पाकिस्तान की बढ़ती साझेदारी ने भी समस्याओं को बढ़ाया है। चीन पाकिस्तान के ग्वादर पोर्ट का प्रमुख भागीदार है। श्रीलंका का हंबनटोटा पोर्ट,बांग्लादेश का चिटगांव पोर्ट,म्यांमार की सितवे परियोजना समेत मालद्वीप के कई निर्जन द्वीपों को चीनी कब्ज़े से भारत की सामरिक और समुद्री सुरक्षा की चुनौतियां बढ़ गई है। दक्षिण चीन सागर का इलाक़ा हिंद महासागर और प्रशांत महासागर के बीच है और चीन,ताइवान,वियतनाम,मलेशिया,इंडोनेशिया,ब्रुनेई और फिलीपींस से घिरा हुआ है। यहां आसियान के कई देशों के साथ चीन विवाद चलता रहता है। अभी तक चीन पर आर्थिक निर्भरता के चलते अधिकांश देश चीन को चुनौती देने में नाकामयाब रहे थे। क्वाड चीन पर दबाव बनाएं रखने का बेहतर माध्यम है।

पिछले कुछ वर्षों में भारत और अमेरिका के सम्बन्ध मजबूत हुए है और इसका असर रूस की नीतियों पर भी देखने को मिल रहा है। किसी दौर में भारत का विश्वास बनाएं रखने के लिए पाकिस्तान को पूर्ण रूप से नजरअंदाज करने की रुसी नीति में उदारता देखी जा रही है। रूस के साथ पाकिस्तान के सामरिक सम्बन्ध भी बढ़े है। 2014 में राष्ट्रपति पुतिन ने पाकिस्तान से हथियारों को लेकर प्रतिबंध हटा लिया था। रूसी मिग-35रूकॉम्बैट हेलिकॉप्टर को लेकर पाकिस्तान से एक समझौता भी हुआ था।2018 में रूस-पाकिस्तान सैन्य सहयोग समझौते के बाद पाकिस्तानी सेना के अधिकारियों को रूसी सेना ने ट्रेनिंग दी थी तथा दोनों देशों के बीच कई बार आतंकवाद विरोधी सैन्य अभ्यास भी हो चुका है। अफ़ग़ानिस्तान से अमेरिकी नेतृत्व वाला सैन्य गठबंधन वापस जाने से पाकिस्तान और रूस के बीच रक्षा सहयोग बढ़ा है और यह भारत की चिंता बढ़ाने वाला है। भारत अमेरिका पर पूर्ण भरोसा इसलिए भी नहीं कर सकता क्योंकि अमेरिका के हित वैश्विक हितों से मेल नहीं खाते। अमेरिका अपने हित बदलते ही नीतियां भी बदल लेता है,जैसे ट्रम्प अब यूक्रेन को दरकिनार कर रूस के साथ खड़े नजर आ रहे है। ऐसे में भारत के लिए रूस ज्यादा मुफीद है और यह साम्यवादी देश कई बार अपनी उपयोगिता साबित कर चूका है।

भारत और रूस के बीच रक्षा,ऊर्जा और भू-राजनीतिक मुद्दों पर ऐतिहासिक और मजबूत रिश्ते रहे हैं। भारत ने हमेशा रूस को एक महत्वपूर्ण साझेदार के रूप में माना है और रूस के साथ उसकी साझेदारी कई दशकों से कायम है ।रूस के साथ सैन्य और ऊर्जा समझौतों को जारी रखते हुए,अमेरिका के साथ व्यापार और सुरक्षा साझेदारी को भी बढ़ावा दिया है। अगर रूस भारत को सामरिक मदद बंद करता है तो इसका भारत की रक्षा नीति और अंतराष्ट्रीय स्थिति पर महत्वपूर्ण असर पड़ सकता है। रूस और भारत के बीच रक्षा संबंधों का बहुत लंबा इतिहास है, और रूस ने हमेशा भारत को विभिन्न सैन्य उपकरण,हथियार और प्रशिक्षण प्रदान किया है। जेट विमानों,सैन्य हेलीकॉप्टरों और सबमरीन जैसी महत्वपूर्ण सैन्य तकनीक में रूस भारत का प्रमुख रक्षा आपूर्तिकर्ता रहा है। यदि रूस के साथ सम्बन्ध प्रभावित हो तो भारत की सामरिक योजना पर इसका गहरा असर पड़ सकता हैं। रूस के साथ भारत का एक मजबूत सैन्य सहयोग है जिसमें सैन्य अभ्यास,प्रशिक्षण और तकनीकी साझेदारी शामिल है। रूस से यह सहयोग खत्म होने पर भारत की युद्ध क्षमता में अंतर आ सकता है। रूस से सामरिक मदद बंद होने के बाद भारत को नए साझेदारों की तलाश करनी होगी। हालांकि, भारत ने अमेरिका, फ्रांस, और इज़राइल जैसे देशों के साथ अपनी रक्षा साझेदारी को बढ़ाया है, लेकिन इन देशों के साथ सहयोग में भी राजनीतिक और सामरिक जटिलताएं हो सकती हैं। इन देशों से भारत को समान स्तर की मदद मिल पाना मुश्किल हो सकता है, क्योंकि प्रत्येक देश की अपनी प्राथमिकताएं और सीमाएं होती हैं। रूस के साथ सामरिक मदद समाप्त होने से भारत की स्थिति पर वैश्विक स्तर पर भी असर पड़ सकता है। भारत का रूस के साथ मजबूत रक्षा संबंध यह दर्शाता है कि वह एक स्वतंत्र शक्ति है और किसी एक शक्ति के प्रभाव में नहीं आता। यदि यह सहयोग खत्म होता है, तो यह भारत की विदेश नीति को पुनः परिभाषित करने की आवश्यकता पैदा कर सकता है जिससे उसकी स्वतंत्रता और रणनीतिक स्वायत्तता पर सवाल उठ सकते हैं। रूस-भारत संबंधों के समाप्त होने से एशिया और यूरोप के बीच तनाव बढ़ सकता है। रूस की उपस्थिति और सहयोग भारत के लिए एक सुरक्षा गारंटी के रूप में था,खासकर चीन जैसे बड़े पड़ोसी के खिलाफ। अगर यह साझेदारी टूटती है, तो भारत को और अधिक सैन्य खर्च और नए रणनीतिक कदम उठाने पड़ सकते हैं, जिससे उसकी सुरक्षा नीति पर दबाव बढ़ सकता है।

भारत के पास अपनी सैन्य और भूराजनैतिक स्थिति को सुधारने और संतुलित रखने की क्षमता है। लेकिन रूस से सामरिक मदद बंद होने पर उसे कई नई चुनौतियों का सामना करना होगा, और इसे सही तरीके से संभालने के लिए उसे अपनी रक्षा नीति और साझेदारियों को पुनः व्यवस्थित करना पड़ेगा। अंतर्राष्ट्रीय राजनीति का यथार्थवादी सिद्धांत यह कहता है कि किसी सम्प्रभु राष्ट्र के लिए शक्ति,शक्ति संतुलन,राष्ट्रीय हित और राष्ट्रीय सुरक्षा जैसी संकल्पनाएं महत्वपूर्ण है और राष्ट्र की सुरक्षा उसका स्वयं का दायित्व है। भारत अपनी सुरक्षा मजबूरियों को भलीभांति जानता है इसलिए किसी भी कीमत पर ट्रम्प या अमेरिकी हितों के लिए रूस से संबंधों की बलि नहीं चढ़ाई जा सकती।

# जीवन : सरकार जागी, आप भी जागिए

राकेश दुबे

देर से ही सही देश की सरकार का यह कदम स्वागत योग्य है कि देश में अस्सी प्रतिशत मौतों के लिये जिम्मेदार गैर संक्रामक रोगों के खिलाफ एक बड़ी मुहिम शुरू हुई है। इसके अंतर्गत पूरे देश में तीस साल से अधिक उम्र वाले करीब नब्बे करोड़ लोगों की शुगर, बीपी और कैंसर की जांच होगी।

बीते गुरुवार को शुरू हुई यह देशव्यापी मुहिम 31 मार्च तक चलेगी। स्वस्थ्य कार्यकर्ता,आशा वर्कर,एएनएम आदि घर-घर इस अभियान के लिये संपर्क करेंगे, लेकिन जिन तक संपर्क न हो पाए वे नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पहुंचकर अपना डेटा राष्ट्रीय पोर्टल तक पहुंचा सकते हैं।सर्व विदित है किवर्ष 2021 के आंकड़ों के अनुसार देश में तीस व उससे अधिक उम्र वालों की संख्या करीब 64 प्रतिशत है। जिन्हें इस अभियान के केंद्र में रखा गया है। हाल के वर्षों में देखा गया है कि देश में मधुमेह, उच्च रक्तचाप और कैंसर के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं।

विश्व स्वास्थ्य संगठन और आईसीएमआर के अनुसार देश में गैर संक्रामक रोगों से मरने वालों का प्रतिशत कुल रोगों से मरने वालों में अस्सी प्रतिशत है। एक अनुमान के अनुसार वर्ष 2012 से 2030 के बीच गैर संक्रामक रोगों से 305 लाख करोड़ का नुकसान होने का अनुमान है।

स्वास्थ्य मंत्रालय की इस मुहिम का उद्देश्य है कि गैर संक्रामक रोगों व मुंह, ब्रेस्ट और सर्वाइकल कैंसर की स्थिति का पता लगाया जाए। जिससे समय रहते इन रोगों के नियंत्रण के लिये नीति तैयार की जा सके। उम्मीद की जा रही है कि इस अभियान के सिरे चढ़ने के बाद स्वास्थ्य सेवा की लागत कम की जा सकेगी। इस अभियान की रियल टाइम मॉनिटरिंग होगी और स्क्रीनिंग, उपचार व उसके फॉलोअप के आंकड़े स्वास्थ्य मंत्रालय के पोर्टल पर अपडेट किए जा सकेंगे।भारत में कैंसर व अन्य गैर संक्रामक रोगों का पता समय रहते नहीं चल पाता। जिसके कारण उपचार मिलने के बावजूद इनके नुकसान से बचा नहीं जा सकता है। निश्चित रूप से इस अभियान से लोगों में अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता आएगी।

हाल के वर्षों में खानपान व जीवन शैली में बदलाव से गैर संक्रामक रोगों की आधारभूमि तैयार हुई है। रोग का समय से पता न चल पाने के कारण जीवनभर इन रोगों का उपचार चलता रहता है। महंगी होती चिकित्सा प्रणाली के चलते तमाम परिवार गरीबी के दलदल में फंसकर रह जाते हैं। विडंबना यह है कि तंबाकू के सेवन से कैंसर के मामले बढ़े हैं। करीब 44 प्रतिशत पुरुष व करीब सात प्रतिशत महिलाएं तंबाकू का सेवन करती हैं। वहीं पुरुषों में मोटापा 12 प्रतिशत से बढ़कर 18प्रतिशत हुआ है तो महिलाओं में यह बारह प्रतिशत से बढ़कर बीस प्रतिशत हुआ है। जिसका मूल कारण शारीरिक सक्रियता में कमी भी है। जिसमें 13 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई है। आंकड़े बताते हैं कि देश में गैर संक्रामक रोगों से होने वाली मौतों में 45 प्रतिशत भूमिका हृदय रोगों, स्ट्रोक व उच्च रक्तचाप की है। वहीं बाइस प्रतिशत मौतें सांस संबंधी बीमारियों के चलते होती हैं। वहीं दूसरी ओर बारह फीसदी मौतें कैंसर से व तीन प्रतिशत मौतें मधुमेह से होती हैं।

अब देश के तीस साल से अधिक उम्र के नब्बे करोड़ लोगों का आंकड़ा जुटाना कठिन कार्य नहीं रहा है, कोरोना काल में देश ने वैक्सीनेशन अभियान के जरिये दुनिया में एक मिसाल कायम की है। सबसे महत्वपूर्ण बात है कि आंकड़े जुटाने की मुहिम से देश मे स्वास्थ्य के प्रति चेतना जाग्रत होगी। लोग सेहत के प्रति जागरूक होंगे।

# क्या होती है दरगाह, किस राज्य में हैं सबसे ज्यादा और कौन हो



भारत को ऋषि-मुनियों और सूफी-संतों का देश कहा जाता है. इन सभी ने मोहब्बत और अमन का पैगाम दिया है. इनके दरबार में हर धर्म के लोग आते हैं. देश में सूफी बुजर्गों की दरगाहों पर भी बड़ी संख्या में लोग पहुंचते हैं.

लेकिन बीते कई दिनों से देश की कई दरगाहों को लेकर विवाद छिड़ा हुआ है. अजमेर की ख्वाजा गरीब नवाज, महाराष्ट्र में हाजी मलंग, उत्तर प्रदेश में शेख सलीम चिश्ती, कर्नाटक के बाबा बुदन समेत कई अन्य दरगाहों में मंदिर होने का दावा किया जाता है. इन सभी के बीच आइए जानते हैं कि क्या होती है दरगाह, देश में हैं कितनी और कौन होते हैं सूफी?

अखिल भारतीय उलेमा एवं मशाइख बोर्ड (ढ्ढरूक्च) के मुताबिक, देश में 574 सूफी बुजुर्गों की दरगाह शरीफ हैं. इनमें सबसे ज्यादा उत्तर प्रदेश में 118, उसके बाद बिहार में 110, गुजरात में 85, राजस्थान में 43, दिल्ली में 42, जम्मू और कश्मीर में 37, महाराष्ट्र में 31, कर्नाटक में 23, मध्य प्रदेश में 21, आंध्र प्रदेश में 14, झारखंड में 10, पश्चिम बंगाल में 8, पंजाब और उत्तराखंड में 7-7, हरियाणा और तमिलनाडु में 5-5, उड़ीसा और गोवा में 3-3, छत्तीसगढ़ और अंडमान निकोबार में 1-1 दरगाह हैं.

## क्या होती है दरगाह?

शास्त्रीय इस्लामी लेखक और शोधकर्ता गुलाम रसूल देहलवी ने बताया कि दरगाह वो पवित्र स्थल होता है, जहां किसी सूफी बुजुर्ग की मजार (कब्र) होती है. इसी परिसर में मस्जिद, मदरसे, बैठकें, अस्पताल होते हैं. वह कहते हैं कि 2 महत्त्वपूर्ण कामों से दरगाह की बुनियाद होती है, इनमें पहला भूखों को खाना खिलाना और दूसरा सलामती का पैगाम देना. इसकी नींव सूफी बुजुर्गों ने रखी है. गुलाम रसूल देहलवी कहते हैं कि हिंदुस्तान में सबसे पुरानी दरगाह राजस्थान के अजमेर शरीफ स्थित ख्वाजा मोईनुद्दीन चिश्ती उर्फ गरीब नवाज की दरगाह है. दिल्ली में ख्वाजा बख्तियार काकी और हजरत निजामुद्दीन औलिया (र.अ.) की दरगाह शरीफ हैं. यहां कई सदियों से लंगर चलता आ रहा है, जिसे सभी धर्मों के लोग प्रसाद के रूप में खाते हैं.

## कौन होते हैं सूफी?

इस्लाम के सबसे महान सूफियों में ईराक के शहर बगदाद स्थित शेख अब्दुल कादिर जिलानी को माना जाता है, जिन्हें गौस-ए-आजम (अल्लाह उन पर खुश हो) के नाम से भी जाना जाता है. बात करें भारत की तो यहां सबसे बड़े सूफी बुजुर्ग ख्वाजा मोईनुद्दीन चिश्ती (र.अ.) हैं. इन्हें गरीब नवाज के नाम से जाना जाता है और इनकी दरगाह राजस्थान के अजमेर शहर में है. वे 12वीं सदी में ईरान के सिस्तान से लाहौर होते हुए राजस्थान के अजमेर पहुंचे थे. उनकी दरगाह शरीफ पर हर धर्म के लोग पहुंचते हैं. गुलाम रसूल देहलवी कहते हैं कि 'सूफी' अरबी शब्द 'सूफ' से लिया गया है, जिसका अर्थ है ऊन, जो सूफियों का पसंदीदा वस्त्र है. वे रेशम और अन्य सुंदर वस्तुओं से बने आकर्षक कपड़ों से परहेज करते थे. इसलिए वह 'सूफी' कहलाए.

## भारतीय सूफी-संतों ने अपनाया पैगंबर का आदर्श

गुलाम रसूल ने बताया कि भारतीय सूफियों ने पैगंबर मोहम्मद साहब के सादगी भरे जीवन के आदर्शों को अपनाया. उन्होंने जीवन के फिजूलखर्ची और अपव्यय को त्याग दिया और बड़े पैमाने पर मानवता की सेवा करने के प्रयास में उच्च मानवीय आदर्शों का पालन किया. वह कहते हैं कि भारत के सूफी संतों ने अपनी रहस्यमय खोज को समाज सेवा की भावना के साथ जोड़ दिया. वह कहते हैं कि सूफी बुजुर्गों ने जोड़ने की सीख दी, लेकिन कुछ फिरकापरस्त लोग तोड़ने की बात करते हैं और दरगाहों को निशाने पर लेते हैं.

## सूफी बुजुर्गों ने दिया अमन और मोहब्बत का पैगाम

देश में सूफी बुजुर्गों ने अमन और मोहब्बत का पैगाम दिया. देश में कादरी, चिश्ती, सोहरवर्दी, नक्शबंदी, मदारिया सिलसिले की दरगाहें हैं. इन्हीं में से कई सिलसिले निकले हैं. देश में कादरी सिसली की सबसे बड़ी दरगाह शरीफ उत्तर प्रदेश के एटा जिले के मारहरा शरीफ में स्थित दरगाह खानकाहे बरकातिया है. यहां के सूफी बुजुर्ग हजरत सैयद शाह बरकतुल्लाह फारसी भाषा के साथ ब्रज और अवधि भाषा का ज्ञान रखते थे. उन्होंने ब्रज भाषा में पेम प्रकाश साहित्य लिखा. उन्होंने भारत के आपसी भाईचारे पर एक दोहा लिखा था, 'पेमी हिंदू-तुर्क में रंग एक ही रहो समाए, देवल और मसीद में दीप एक ही भाए.'

## दरगाहों पर बसंत, होली और दिवाली

गुलाम रसूल देहलवी कहते हैं कि सूफी बुजुर्गों ने सभी धार्मिक आस्था और पवित्र स्थानों का ख्याल रखा. वह कहते हैं कि हजरत निजामुद्दीन औलिया ने यमुना नदी के किनारे अपना अस्थाना बनाया था. उनका मत था कि यमुना नदी पवित्र है और इससे हिंदू मजहब के लोगों की आस्था है. इसी का आदर करते हुए वह यमुना नदी किनारे रहे. उन्होंने बताया कि सूफी बुजुर्गों की खानकाहों पर बसंत मनाई जाती है, होली के रंग उड़ते हैं और दिवाली के दिए जलाए जाते हैं.

## अजमेर में गरीब नवाज, दिल्ली में 32 ख्वाजा

देश की राजधानी दिल्ली को 32 ख्वाजा की चौखट कहा जाता है, यहां 42 दरगाह हैं, इनमें हजरत ख्वाजा कुतुबुद्दीन बख्तियार काकी, हजरत ख्वाजा निज़ामुद्दीन औलिया, हजरत ख़्वाजा अमीर खुसरो, हजरत नसीरुद्दीन चिराग. राजस्थान के अजमेर में ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती गरीब नवाज, ख्वाजा फखरुद्दीन चिश्ती सरवर शरीफ, ख्वाजा सैयद फखरुद्दीन गुरदेजी, हरियाणा के पानीपत में हजरत बू अली शाह कलंदर, पंजाब के करनाल में हजरत शेख आबिद नक्शबंदी, उत्तराखंड के रुड़की में हजरत अलाउद्दीन साबिर पाक कलियर शरीफ, झारखंड में देवगढ़ स्थित अब्दुल लतीफ शाह बाबा, रांची में अंजन शाह बाबा कोते की दरगाह शरीफ है.

## कश्मीर में सूफी हजरत शेख जैनुद्दीन ऋषि

जम्मू और कश्मीर के अनंतनाग में हजरत शेख जैनुद्दीन ऋषि, ऐनाश, बड़गाम में दरगाह शेख आलम नूरुद्दीन ऋषि चरारे शरीफ, बारामूला में सैयद यूसुफ बातिनजी कश्मीरी, पश्चिम बंगाल के कलकत्ता में सैयद बाबा साहिब खिज्रपुर, दार्जिलिंग में हजरत सैयद इकरामुल हक़ हल्द खोरा, मध्य प्रदेश के हजरत निजामुद्दीन भिखारी बुरहानपुर, भोपाल में हजरत सैयद शाह बहादुर, ग्वालियर मने हजरत गौस, इंदौर में हजरत नूरुद्दीन गाजी, गुजरात में अहमदाबाद की हजरत शाह आलम, अमरेली की सबूरा पीर चिश्ती लाठी, भावनगर की सैयद सईद महमूद बुखारी.

## महाराष्ट्र में हाजी अली, हैदराबाद में हजरत मूसा कादरी

महाराष्ट्र की हजरत हाजी अली, हजरत मखदूम माहिमी, हजरत बहाउद्दीन बाबा, हाजी मलंग, कर्नाटक में बैंगलोर स्थित हजरत तवक्कल शाह मस्तान सुहरवर्दी, गुलबर्गा में हजरत बंदा नवाज गेसू दरज, गोवा में पोंडा हजरत सैयद अमीन शाह बाबा कोडवारा, हैदराबाद में हजरत मूसा कादरी, तमिलनाडु मे हजरत तमीम अंसारी कोलम, छत्तीसगढ के रायपुर में हजरत सैयद अली आगा बंजारी वाले बाबा, अंडमान निकोबार में अल्लामा फजल ए हक खैराबादी और उड़ीसा में बलांगीर सैयद अब्दुस शकूर तरभा की प्रमुख दरगाहें हैं .

## उत्तर प्रदेश में 118 दरगाह

उत्तर प्रदेश में करीब 118 दरगाह शरीफ हैं, इनमें एटा के मारहरा शरीफ में हजरत सैयद बरकतुल्लाह, आगरा में हजरत सैयद आमिर अबुल उला, शेख सलीम चिश्ती फतेहपुर सीकरी, हजरत मीर ख्वाजा नोमान नक्शबंदी. इलाहाबाद में हजरत शाह मुनव्वर इलाहाबादी, अंबेडकर नगर में हजरत मखदूम अशरफ सिमनानी किछौछा शरीफ, आला हजरत अशरफी मियां किछौछा शरीफ. आजमगढ़ में हाफिजे मिल्लत अब्दुल अजीज मुहद्दिस मुबारकपुर, बागपत में मीर सैयद तल्हा कुतुबुद्दीन कोटाना, बहराइच में हजरत सैयद सालार मसऊद गाजी.

बाराबंकी में हजरत हाजी वारिस अली शाह देवा शरीफ, बरेली में आला हजरत इमाम अहमद रजा खां. बस्ती में सूफी शाहबाज अली. शाहजहांपुर में हजरत ताजुल फहुल अब्दुल मुकतदि, इटावा में हजरत शाह अब्दुस समद हाफिज बुखारी फफूंद शरीफ, फैजाबाद में हजरत मखदूम अब्दुल हक रदौलवी, गाजीपुर में सैयद शाह जुनेद कादरी गाजीपुर, हरदोई में हजरत सैयद मुहम्मद कादरी बिलग्रामी, जालौन में मीर सैयद फजलुल्लाह कल्पवी, कानपुर में हजरत सैयद बदीउद्दीन शाह मदार मकनपुर, लखनऊ में शाह मोहम्मद काजिम कलंदर काकोरा शरीफ, लखनऊ हजरत मुल्ला निजामुद्दीन फिरंगी महली दरगाह शरीफ हैं.

## बिहार में 110 सूफी बुजुर्गों की दरगाह

बिहार की 110 दरगाह शरीफ में अरवल की खानकाह शम्सिया अरवल, औरंगाबाद की दरगाह सैयदना मोहम्मद कादरी अमझर शरीफ, बेगूसराय की सैयद फरीदुल हक शाह जोगीर, भागलपुर की खानकाह शाहबाज़िया मौलाना चक, बक्सर की दरगाह काजी शम्सुद्दीन चौसा, छपरा की दरगाह हकीम फरहतुल्लाह करीम चक, दरभंगा की शाह फिदा अहमद अब्दुल करीम, गया की हजरत शाह अता हुसैन फानी मुनेमी, जहानाबाद की दरगाह बीबी कमाल काको, कटिहार की ख्वाजा अब्दुल हाफिज रहमानपुरी, किशनगंज की खानकाहे अशरफिया कांगी, मुजफ्फरपुर की खानकाहे तेघिया सुर्खाही शरीफ, नालंदा की हजरत मखदूम याह्या मनेरी, पटना की खानकाह ए सज्जादिया अबुल ओलैया प्रमुख हैं.

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक भरत पटेल द्वारा इंडिपेंडेंट प्रेस 11, प्रेस काम्प्लेक्स, एमपी नगर, जोन-1, भोपाल से मुद्रित तथा 226, एमपी नगर जोन-2, भोपाल से प्रकाशित। संपादक — भरत पटेल, प्रबंध सलाहकार — भारती पटेल, संपादकीय सलाहकार — विष्णु कौशिक, सलाहकार संपादक - स्मिता पटेल, स्थानीय संपादक —हाकम सिंह गुर्जर, प्रकाशन से संबंधित समस्त समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार। समस्त न्यायिक कार्यवाहियों के लिए क्षेत्राधिकार भोपाल न्यायालय का रहेगा। रजि. नं. भोपाल डिवी. 48 म.प्र.। ई-मेल : dspbpl67@gmail.com, वेबसाईट: dainiksandhyaprakash.in

# खरगोन पुलिस ने किया 2 नाबालिग बालिका को दस्तायाब



**खरगोन।** बालिकाओ को सकुशल किया परिजनों के सुपुर्द, परिजनों ने पुलिस का आभार व्यक्त कियापुलिस मुख्यालय भोपाल के द्वारा जिलों के विभिन्न थाना क्षेत्रों से गुम हुए नाबालिक/बालिग बालक/बालिकाओ की अधिक से अधिक दस्तयाबी की जाने हेतु पुलिस टीम को निर्देशित किया गया है । प्राप्त निर्देशों के परिपालन मे पुलिस अधीक्षक खरगोन श्री धर्मराज मीना के निर्देशन व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक खरगोन श्री मनोहर सिंह बारिया के मार्गदर्शन मे समस्त अनुभाग के अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) एवं समस्त थाना प्रभारीयों को त्वरित एवं प्रभावी कार्यवाही कर नाबालिक/बालिग बालक/बालिकाओ को दसत्याब करने हेतु निर्देशित किया गया है । इसी तारतम्य में पुलिस थाना कसरावद के द्वारा दिनांक 15.01.25 को गुम हुई नाबालिग बालिका की सूचना पर पुलिस थाना कसरावद अपराध क्रमांक 19/25 धारा 137(2) बीएनएस का पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया

# बैतूल एवं हरदा के सदस्यों के दल ने दूसरे दिन भी किया जिले का भ्रमण



**खरगोन।** राष्ट्रीय ग्रामीण स्वराज अभियान आरजीएस के अंतर्गत बैतूल एवं हरदा जिले के सदस्यों के दल ने 22 जनवरी दूसरे दिन भी खरगोन जिले के ठिबगांव, निधिवन मेंहरजा गोगावा का अवलोकन किया। ठिबगांव के सरपंच दुर्गेश सिंह द्वारा बताया गया कि कोरोना के समय बहुत अधिक प्रवासी मजदूर गांव में आए थे। मनरेगा से काम देने के लिए उनसे वृक्षारोपण के गड्ढे खोदकर यहां पर बड़ी संख्या में वृक्षारोपण किया। आज की स्थिति में सभी पौधे जीवित है। यहां पर लगभग 52000 पौधे बड़े वृक्ष का रूप ले चुके हैं। रात दिन देखभाल की जरूरत होती है तथा इसमें माधव वाटिका व अमृत बाल वाटिका का निर्माण भी किया है। जिससे स्कूली बच्चे पिकनिक मनाते हैं और बड़े बुजुर्ग घूमते हैं। यहां गाने यूट्यूब व वीडियो की फिल्म की शूटिंग भी करते हैं। निधिवन देखकर पंचायत प्रतिनिधि बोले ग्रामीण क्षेत्रों में ऐसा पार्क कैसे बन सकता है। निधिवन का भ्रमण करते ही पंचायत प्रतिनिधियों के चेहरे खिल उठे। उन्होंने पार्क की शोभा, लैंडस्कैपिंग , धार्मिक, आध्यात्मिक पर्यावरण स्वरूप देखकर अलग-अलग प्रतिक्रिया की, पंचायत प्रतिनिधि

# दल गठित कर सफाई का कार्य शुरू किया



**औबेदुल्लागंज (संवाददाता)।** शनिवार को मुख्य नगर पालिका अधिकारी राजकुमार शर्मा नगर परिषद औबेदुल्लागंज के द्वारा नगर के वार्ड 15 शारदा नगर के नाली एवं नालो का निरीक्षण किया गया स्वच्छता सर्वेक्षण वर्ष 2024 /2025 के अंतर्गत नगर के नालों की साफ सफाई हेतु दल गठित कर सफाई का कार्य किया गया इस कार्य की व्यवस्था बनाने हेतु लगे कर्मचारी प्रभारी स्वच्छता राजकुमार पवार एवं राजा सिरसवाल प्रभारी सफाई दरोगा एवं स्वच्छता की टीम के द्वारा यह कार्य किया जा रहा है

# 26 को होगा निशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन



**छतरपुर।** नगर के प्रसिद्ध एवं प्राचीन हनुमान टोरिया मंदिर पर एक दिवसीय निशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन पूर्व विधायक स्व श्री जेपी निगम एवं स्व माताजी मिथिलेश निगम की स्मृति में उनकी पुत्री मृदुला रेणुका एवं स्मिता निगम के सहयोग से 26 फरवरी दिन बुधवार को एक दिवसीय निशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है जिसमे सद्गुरु नेत्र चिकित्सालय चित्रकूट के नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम के द्वारा नेत्र रोग से पीड़ित मरीजों का इलाज किया जाएगा एवं उन्हें चश्मा और दवा भी वितरित की जाएगी तथा परीक्षण के उपरांत मोतियाबिंद से पीड़ित मरीजों को चिन्हित कर ऑपरेशन हेतु चित्रकूट भेजा जाएगा हनुमान टोरिया सेवा समिति ने नेत्र रोग से पीड़ित मरीजों से आग्रह किया है कि इस शिविर में अधिक से अधिक संख्या में पधार कर अपनी आंखों का इलाज करा कर इस शिविर का लाभ लें अपना आधार कार्ड साथ जरूर लेकर आएं।

# वाल्ब में लीकेज होने से हजारों गैलन पानी हुआ बर्बाद

**सिरोंज।** लाइनों में लीकेज होने से शहर के कई मोहल्ले में जल सप्लाई नहीं हो रही है। दूसरी ओर बासौदा नाके पर शुक्रवार की रात्रि से लेकर शनिवार को 10 बजे तक बल्ब की लाइन में लीकेज होने जाने से हजारों के गैलन पानी बर्बाद हो गया।जब इसकी सूचना प्रदेश टुडे ने जनहित में नगर पालिका जल विभाग के इंजीनियर रोहित तोमर कोदी इसके बाद उन्होंने तत्काल लाइन ठीक करने वाले कर्मचारियों को भेज कर बल्ब के लीकेज को ठीक करवा कर पानी की बर्बादी को रोकने के लिए उठाया इससे पहले यहां पर लीकेज के कारण सड़क पर पानी ही पानी नजर आ रहा था। जिसको देखकर ऐसा प्रतीत होता रहा था कि अभी बरसात का समय चल रहा हो ।इस तरह की शिकायत शहर में कई जगह से आए दिन सामने आ रही है। लाइनों में लीकेज होने से मोहल्ले में कई दिनों तक पानी की सप्लाई नहीं होती पानी नहीं के कारण परेशानी होती है। दूसरे ओर इस तरह से पानी की बर्बादी हो रही है।

# पृथक बुंदेलखंड का एजेंडा लाया बागेश्वरधाम का अस्पताल

## बागेश्वर धाम कैंसर अस्पताल की भावी कल्पना



**भोपाल,।** राजधानी में 24 और 25 फरवरी को आयोजित हो रही ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आगमन मेक इन इंडिया अभियान को सफल बनाने के लिए होने जा रहा है। इससे पहले मोदी छतरपुर जिले के गढ़ा गांव के बागेश्वर धाम में बन रहे सौ बिस्तरों के कैंसर के इलाज की सुविधाओं वाले मल्टी स्पेशियलिटी वाले अस्पताल की आधारशिला भी रखने जा रहे हैं। भाजपा ने इससे पहले कथावाचक धीरेन्द्र शास्त्री की बुदेलखंड में निकाली गई यात्रा को भी लगभग गोद लेकर उनकी लोकप्रियता को परवान चढ़ाने में रुचि ली थी। अब स्वयं प्रधानमंत्री वहां जाकर पं.धीरेन्द्र शास्त्री की जन स्वीकृति स्थापित करने का प्रयास कर रहे हैं।

बागेश्वर धाम को पिछले कुछ वर्षों में शोहरत की बुलंदियों पर पहुंचाने वाले धीरेन्द्र शास्त्री का कहना है कि अब तक लोगों ने अस्पतालों के परिसरों में मंदिर या भगवान की मूर्तियां देखी हैं। पहली बार दुनिया देखेगी की किस तरह कोई धर्म क्षेत्र अपने संसाधनों से अस्पताल बनाकर जन सेवा का माडल प्रस्तुत करेगा। वे कहते हैं कि उन्होंने बुंदेलखंड के लगभग सत्रह अठारह जिलों में यात्रा करके देखा है कि कैसर के इलाज के लिए लोग भटकते हैं। आर्थिक स्थिति अच्छी न होने की वजह से लोग कैंसर की पीड़ा भोगते हुए काल कवलित भी हो जाते हैं।यह देखते हुए बागेश्वर धाम के भक्त मिलकर कैंसर के उपचार का अस्पताल बनाने जा रहे हैं। लगभग दो सौ करोड़ रुपयों की लागत से ये अस्पताल बनाया जाएगा।

देश में कई धर्म संप्रदायों के मतावलंबियों ने पहले से चिकित्सा के क्षेत्र में कदम रखकर कल्याणकारी अस्पताल चला रखे हैं।ऐसे में बुंदेलखंड की धरती पर बनाया जा रहा ये अस्पताल पृथक बुंदेलखंड के राजनीतिक एजेंडे को लेकर सामने आ रहा है। पंडित धीरेन्द्र शास्त्री ने बुंदेलखंड के उत्तर प्रदेश वाले हिस्से में भी अपनी यात्राएं निकाली हैं और वे पृथक बुंदेलखंड की कमजोर आवाज को बल देने का कार्य ही कर रहे हैं। उनके साथ बुंदेलखंड पैकेज से धन जुटाने वाले ठेकेदारों और उद्यमियों का पूरा नेटवर्क जुड़ गया है। इन्हें उम्मीद है कि नया राज्य बन जाने पर वे वैश्विक संस्थाओं से विकास के नाम पर अधिक कर्ज बटोर सकेंगे।

गौरतलब है कि मध्यप्रदेश के बुंदेलखंड क्षेत्र के रहवासी पृथक बुंदेलखंड का समर्थन नहीं करते हैं क्योंकि वे जानते हैं कि एक संसाधन विहीन पिछड़ा इलाका होने की वजह से ये एक पंगु राज्य होगा। छोटे राज्य को सफलता की गारंटी बताने वाले निर्माण माफिया के लोग विकास के पिछड़ेपन के लिए बड़े राज्यों को दोष देते रहते हैं। इसके बावजूद नई पीढ़ी के जो युवा दुनिया भर के दूरदराज देशों में बहुराष्ट्रीय कंपनियों में नौकरियां करके देख चुके हैं वे जानते हैं कि दुनिया आज ग्लोबल विलेज बन चुकी हैं। ऐसे में प्रशासनिक अकुशलता के लिए दूरी को दोष देकर राजनेता और अफसर सरासर झूठ बोल रहे हैं। प्रत्यक्षतः देखा जा सकता है कि भोपाल राजधानी के नजदीक वाले सीहोर और रायसेन जैसे जिले केवल कर्ज लेकर किए जाने वाले विकास की बैसाखियों पर ही चल पा रहे हैं । ऐसे में छोटे राज्य के नाम पर अंधकूप में धकेल दिए जाने वाले बुदेलखंड को मुख्य धारा में आने के लिए एक दुरूह दौर का सामना करना पड़ेगा।

# स्वच्छता सर्वेक्षण के तहत चल रहे अभियान का निरीक्षण करने पहुंचे अध्यक्ष , गुणवत्ता से नहीं करेंगे समझौता: मनमोहन साहू



**सिरोंज।** शहर को ग्रीन क्लीन बनाने के उद्देश्य को लेकर नगर पालिका परिषद द्वारा स्वच्छता सर्वेक्षण अभियानक के तहत शहर की विशेष सफाई करवाई जा रही है। इसके तहत हो रहा है काम को देखने के लिए शनिवार को नगर पालिका अध्यक्ष मनमोहन साहू एवं उपाध्यक्ष मनोज साईनाथ ने सबसे पहले सबसे के लिए जो कदम उठाए जा रहे हैं उनको देखा जहां पर कमी मिली उसकी तत्काल दूर करने के निर्देश भी अधिनियम अधिकारी कर्मचारियों को नगर प्रदेश के द्वारा दिए गए इसके अलावा इन्होंने

शहर में चल रहे निर्माण कार्य जिसमें सड़क एवं मंडी बाईपास एवं लिंक रोड के दोनों तरफ बनाए ज रहे नाले का निरीक्षण किया गया। यहां पर श्री साहू ने गुणवत्ता के साथ ठेकेदार को कार्य करने के लिए कड़े निर्देश देते हुए कहा कि हम गुणवत्ता में कोई कमी को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं करेंगे डीपीआर के हिसाब से ही काम होना चाहिए कहीं कोई शिकायत आई तो हम जांच भी करेंगे और घटिया काम मिलने पर भुगतान भी नहीं करेंगे इसीलिए गुणवत्ता के साथ काम हो इस बात की चिंता संबंधित अधिकारी करें इसके संबंध में भी निर्देश दिए अधिकारियों को दिए वहीं बाउंड्री वॉल पर विद्यार्थियों द्वारा पेंटिंग का कार्य किया गया है जिसमें स्वच्छता के संदेशों का लेखन स्कूली बच्चों के के द्वारा किया जा रहा है। उसको देखकर अध्यक्ष मनमोहन साहू ने बताया गया कि स्वच्छता का सर्वप्रथम क्षेत्र स्वयं का घर होता है व्यक्ति को अपने घर को साफ सफाई रखना के लिए सिखते हुए अपने विद्यालय अपने कार्यालय अपने बैठने वाले स्थान को साफ-साफ बनाए रखना चाहिए जिससे कि हर व्यक्ति संकल्पित होकर अपने शहर के प्रति जागरूक बना रहे सभी के सहयोग से हम नगर को ग्रीन और क्लीन बनाने के संकल्प को लेकर काम कर रहे हैं इसमें शहरवासियों को भी हमारा सहयोग करना पड़ेगा ।

# बागेश्वर धाम पर 251 सामूहिक कन्या विवाह महोत्सव

## प्रतिदिन सुबह बाल भोग के रूप में खिचड़ी प्रसाद सेवा प्रारंभ



**छतरपुर।** बुंदेलखंड के महाकुंभ बागेश्वर धाम तीर्थ पर हो रहे 251 सामूहिक कन्या विवाह महोत्सव के आयोजन में जहां एक और देश-विदेश से सेवा मंडल इस महोत्सव में आकर महाकुंभ का आनंद ले रहे हैं और अपनी सेवाएं दे रहे हैं वही दूसरी ओर बागेश्वर बालाजी मंदिर के पास दरबार हॉल मैदान में छतरपुर के व्यापारी सेवा मंडल के द्वारा 21 फरवरी से 26 तक बाल भोग के रुप में सुबह 9 बजे से खिचड़ी के प्रसाद की सेवा प्रारंभ की गई है मंडल के सदस्य गिरजा पाटकर ने बताया इस सेवा के लिए एक दिन पहले से ही व्यापारियों के द्वारा सारी तैयारीया कर ली गई थी जैसे ही दरबार हाल के मैदान में बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री महाराज मंच पर आए और उन्होंने दिव्य दरबार से खिचड़ी के प्रसाद सेवा का शुभारंभ किया और कहा की छतरपुर के सभी व्यापारियों के द्वारा आप सभी श्रद्धालुओ के लिए सुबह से बालभोग के रूप में खिचड़ी के प्रसाद की सेवा प्रारंभ की जा रही है जो 7 दिन चलेगी और आप सभी लोग दरबार के समापन के बाद खिचड़ी की प्रसाद का आनंद ले आज प्रथम दिन इस दिव्य आयोजन में दूर-दूर से आए श्रद्धालु जनों को व्यापारियों ने अपने हाथों से खिचड़ी का प्रसाद वितरित किया

# विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर ने जावर मंडल में आजीवन सहयोग निधि अभियान चलाया



**आष्टा।** शनिवार को आष्टा ब्लॉक के जावर मंडल में भाजपा संगठन को सशक्त बनाने और पार्टी की आर्थिक मजबूती के उद्देश्य से आजीवन सहयोग निधि अभियान को गति दी गई। इस अभियान के तहत विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर ने विशेष योगदान देते हुए निधि संग्रहण को प्रोत्साहित किया।

विधायक गोपाल सिंह जी ने कहा कि पार्टी कार्यकर्ताओं और समर्थकों का सहयोग ही संगठन की असली ताकत है। आजीवन सहयोग निधि अभियान से पार्टी को आर्थिक रूप से स्वावलंबी बनाया जा सकता है, जिससे संगठन को और अधिक मजबूत किया जा सके।

इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष, जिला पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं समाज के प्रतिष्ठित नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर इस अभियान को सफल बनाने का संकल्प लिया। क्षेत्र के विकास के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा कार्यक्रम के दौरान विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर ने स्थानीय समस्याओं पर भी चर्चा की और जनता को आश्वस्त किया कि उनके क्षेत्र के विकास के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा। भाजपा के इस अभियान के प्रति कार्यकर्ताओं में विशेष उत्साह देखने को मिला।

# उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ला को सौंपा डॉक्टरों की कमी का मांग पत्र



**आष्टा ।** मप्र शासन के उप मुख्यमंत्री एवं मप्र के स्वास्थ मंत्री राजेन्द्र शुक्ला से आष्टा विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने आष्टा विधानसभा क्षेत्र की विभिन्न स्वास्थ सेवाओ में वृध्दि,सिविल अस्पताल में डॉक्टरों की कमी दूर करने,पैरामेडिकल स्टॉफ की नियुक्ति,कोठरी एवं सिद्दीकगंज अस्पताल का उन्नयन कर सामुदायिक स्वास्थ केंद्र बनाने,आष्टा के सिविल अस्पताल को 100 के स्थान पर 150 बेड का सिविल अस्पताल घोषित कर उस मान से सभी सुविधाएं उपलब्ध करने सहित अन्य मांगों का मांग पत्र सौपा एवं विस्तार से जानकारी दी। विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने उप मुख्यमंत्री एवं स्वास्थ मंत्री राजेन्द्र शुक्ला से भेंट कर आष्टा विधानसभा क्षेत्र में स्वास्थ विभाग से सम्बंधित समस्याओ से विस्तार से जानकारी दे कर उन्हें अवगत कराया । विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने स्वास्थ मंत्री जी से मांग की आष्टा को एक सर्वसुविधायुक्त ट्रामा सेंटर की लम्बे समय से मांग की जा रही है उसकी स्वीकृति दी जाये। आष्टा के सिविल अस्पताल में डॉक्टरों की बड़ी कमी होने से करीब 300 ग्रामो से आने वाले मरीजो को काफी असुविधा होती है,आष्टा सिविल अस्पताल में डॉक्टरों की कमी को दूर किया जाये । विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने बताया की मंत्री जी ने क्षेत्र की स्वास्थ सम्बन्धी समस्याओ,मांगो को गम्भीरता से लिया है जल्द ही समस्याओ,मांगो का हल होगा ऐसी पूरी उम्मीद है ।

# आखिर क्यूं मेहरबान है पुलिस प्रशासन डीजे संचालकों पर , कोर्ट के आदेशों की उड़ा रहे है धज्जियां बोर्ड परीक्षा में छात्रों को हो रही है परेशानी




**सिरोंज।** सिरोंज शहर सहित ग्रामीण आंचलो में भी उत्सव जेसा महोल दिखाई दिया चारो ओर शोरशराबा, हसते गाते लोग, डी जे कि घुन पर थिरकते युवा, पूराने फिल्मी गीतों पर नागिन डांस करते बुजुर्ग, हर कोई बहुत खुश यहाँ तक की रहगीर भी अपने आपको नही संभाल सके ओर उन्होंने भी दौ चार ठुमके लगा ही लिए यही खुशी का महोल दिखाई दिया सिरोंज कि सडको पर आये दिन डिजों की वजह से जाम लगता रहता है पुलिस ने इस और कोई ध्यान नहीं दिया पुलिस ये माजरा देखती रहती है डीजे वालों के खिलाफ्कोई कार्रवाही करती दिखाई नहीं देती।

देर रात तक बजता रहता है डीजे - ज्ञात होकि देर रात तक बिना नियम के बज रहा है जगह-जगह डीजे बजता हुआ देखा जा रहा है पर प्रशासन के कान में जूं तक नहीं रेंग रही।

शादी हालों में भी तेज आवाज में बजते है गाने - आज कल शादी हेलॉन में भी देर रात तक तेज आवाज में गानों पर लोग थिरक रहे है शादी हाल मालिक अपने रकम लेने का चक्कर में कुछ नहीं कहते पर क्या प्रशासन को इस बारे में पता नहीं या कार्रवाही करना ही नही चाहते। इसी प्रकार कई जगहों पर ट्राफिक्र जाम की स्थिति बन जाती है अधिकांश बड़े वाहनों के कारण जाम की स्थिति निर्मित हो जाती है वहीं डीजे की बड़ी-बड़ी गाड़ियां से निकलने में काफी परेशानी आती है, दो बारातों के आपस में इकट्ठे हो जाने के कारण भी यही स्थति बनी शहर की यातायात व्यवस्था को सुधारने के लिए सिरोंज पुलिस का एक भी जवान कहीं पर देखने को नहीं मिलता जिसके कारण राहगीरों को खासी परेशानी का सामना करना पडती है और डीजे वाले अपनी मनमर्जी करते रहते है।

बोर्ड परीक्षा में छात्रों को हो रही है परेशानी देर रात तक तेज आवाज से बचते रहते है डीजे- जहां एक और शासन द्वारा डीजे पर निर्धारित समय पर चलने के आदेश हैं लेकिन प्रशासन की लचर कार्यप्रणाली के कारण शासन के आदेशों को लोग खुलेआम ठेंगा दिखाते रहते हैं देर रात तक डीजे तेज आवाज से चलाते हे लेकिन पुलिस प्रशासन ने थोड़ी भी रहमत नहीं उठाती वही बोर्ड परीक्षाएं चल रही है इसका असर विद्यार्थियों और मरीजो पर को पड़ता है वहीं दूसरी ओर डीजे की इतनी तेज धुनो के कारण इसका असर लोगों की सेहत पर भी साफतौर पर पड़ रहा है बाजार में इतनी तेज ध्वनि से डीजे बजाया जाता हे की लोगों को वह जगह ही छोड़ना पडती है कई बुजुर्गों को तो कर की आवाज से घबराहट होने के कारण घरों का रूख करना पड़ा ऐसे में सवाल यह उठता है कि आखिरकार पुलिस प्रशासन डी जे चालकों के खिलाफ्कोई कार्यवाही क्यों नहीं करती।

शादियों में होती है बाल मजदूरी-कुछ विशेष मौकों पर बाल मजदूरी को लेकर विशेष कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है और वक्ता घंटो बाल मजदूरी,ओर उनके अधिकारों पर तकरीरें करते नजर आते हैं लेकिन हकीकत में इनके अधिकार को नजर अंदाज किया जाता है शादी में जहां एक और कई बच्चे शादियों में नए-नए सूट पहनकर नाचते गाते रहे वहीं दूसरी ओर इन्हीं में कई मासूम बच्चे लाइट के गमले पकड़े दिखाई देते है इनमें से कुछ बच्चे तो इतने छोटे होते है कि उनसे गमले का वजन संभलता है ऐसे में कुछ बच्चों ने गमलों में रस्सी बांधकर गमले अपने गले में अटका लेते हैं यह सब चोरी छुपे नहीं बलके खुलेआम बाजारों में होता हैं लेकिन बाल अधिकार की बात करने वाली समाजसेवी संस्थाएं भी क्यों इन्हें नजर अंदाज करती हैं समझ से परे है वही हैरत की बात यह है कि पुलिस के सामने यह सब कुछ होता है लेकिन वह भी कोई कार्यवाही नहीं करती आखिर हमारे समाज से कब बाल मजदूरी खत्म होगी समझ नहीं आ रहा देर रात तक शादियों में घंटों गमलों का वजन सहन करने वाले बच्चों की आंखों में नींद का खुमार साफतौर पर देखा जाता है।

# आरक्षित जलाशयों का पानी चोरी करने वालों पर की जाएगी एफआईआर दर्ज



**सीहोर।** शहर में जल वितरण व्यवस्था को सुचारू रूप से बनाए रखने के लिए शनिवार को शहर के पेयजल के लिए सुरक्षित प्रमुख जल स्त्रोतों काहिरी बंधान पर नगरपालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने पहुंचकर जल प्रदाय व्यवस्था का निरीक्षण किया। पेयजल स्त्रोतों से आरक्षित पानी लगातार चोरी हो रहा है। नदी, नालों और डैमों में बड़ी-बड़ी पानी की मोटर डाल कर पानी की चोरी की जा रही है। यदि इसी रफ्तार से पानी चोरी होती रही तो आने वाले दिनों में शहर के लिए आरक्षित पानी भी खत्म हो जाएगा। भीषण गर्मी के दौर में जलसंकट गहराने के हालात बन सकते हैं। इन शिकायतों को लेकर नपा सीएमओ भूपेन्द्र दीक्षित ने आरक्षित जलाशयों से पानी का दुरुपयोग करने वालों के खिलाफ प्रकरण दर्ज करने के साथ-साथ जलाशयों के निरीक्षण से नावों से कर्मचारियों को तैनात कर निरीक्षण करने के निर्देश दिए है। पूर्व में भी कार्रवाई कर पाइप जब्त कर नगरपालिका की सुपुर्दगी में दिए थे।

जानकारी के अनुसार बीते साल जिले में सामान्य से कम वर्षा रही, आगामी गर्मियों में जल संकट की स्थिति न बने इसलिए पानी सहेजना जिला प्रशासन की जिम्मेदारी हो जाती है, लेकिन बीते कुछ महिनों से जल स्त्रोतों में से बड़ी मात्रा में पानी चोरी हो रहा है और इस ओर किसी का ध्यान ही नहीं। ऐसे में प्रशासन की अनदेखी कहीं गर्मियों में सीहोर शहर में जल संकट खडा न कर दे। देखने में यह आ रहा है कि बीते कुछ माहिनों से शहर की प्यास बुझाने वाले काहिरी बंधान और जमोनिया तालाब से बड़ी मात्रा में पानी चोरी हो रहा है। कई तालाब में मोटर और पाईप डालकर रोजाना पानी चोरी किए जा रहे हैं। जमोनिया डेम में अनेकों किसानों पाईन लाईन और बिजली तार बिछा रखे हैं यह किसान बड़ी मात्रा में तालाब से पानी चोरी कर रहे हैं।

सीहोर नगर में जमोनिया तालाब द्वारा कई वार्डों में पीने और इस्तेमाल का पानी प्रदाय किया जाता है। जल आपूर्ति के लिए काहिरी और जमोनिया तालाब पर सीहोर नगर निर्भर है और नगरवासियों को सुचारु रूप से पानी मिले इसलिए शहरवासियों के पीने के लिए यह संरक्षित कर दिया है, इसके बाद यह पानी किसानों को नहीं दिया जाता, लेकिन जलाशयों में से कई किसान पानी चोरी किए जा रहे हैं, भगवानपुरा, जमोनिया जलाशयों से अनेक स्थानों से पानी चोरी हो रहा है। जबकि यहीं हाल काहिरी बंधान के भी हैं। शनिवार को निरीक्षण के दौरान नपाध्यक्ष श्री राठौर ने सीएमओ से चर्चा कर टीम गठित करने की बात कही है। इस मौके पर जलसभापति संतोष शाक्य, सहायक इंजीनियर विजय कोली, मांगीलाल मालवीय और लोकेन्द्र वर्मा आदि पार्षद और नपा का आमला साथ था।

## बजाज आलियांज़ जनरल इंश्योरेंस ने अपने अवॉर्ड पार्टनर 'एशिया इंश्योरेंस रिव्यू' के साथ जीआईईए की लॉन्चिंग की घोषणा की

**पुणे, एजेंसी।** भारत की प्रमुख प्राइवेट जनरल इंश्योरेंस कंपनी में से एक बजाज आलियांज़ जनरल इंश्योरेंस ने ग्लोबल इंश्योरेंस एक्सीलेंस अवॉर्ड्स (जीआईईए) की लॉन्चिंग की घोषणा की, जिसका उद्देश्य एशिया, मिडल ईस्ट और नॉर्थ अफ्रीका में जनरल इंश्योरेंस और हेल्थ इंश्योरेंस के एडवाइज़र्स के उत्कृष्ट योगदान को सराहना और स मानित करना है. इंडस्ट्री में विश्वसनीय नाम और इस इवेंट में पार्टनर, एशिया इंश्योरेंस रिव्यू (एआईआर), वर्ष 2025 के अवॉर्ड्स की देखरेख और संचालन करेगी, जिससे इवेंट की विश्वसनीयता और अधिक बढ़ गई है और अंतर्राष्ट्रीय विशेषज्ञता भी जुड़ गई है. बजाज आलियांज़ जनरल इंश्योरेंस द्वारा आयोजित इस इवेंट में भारत और अंतरराष्ट्रीय स्तर की इंश्योरेंस इंडस्ट्री के उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले एडवाइज़र्स को ग्यारह अलग-अलग अवॉर्ड कैटेगरी में स मानित किया जाएगा. अवॉर्ड्स का मूल्यांकन इंटरनेशनल इंश्योरेंस इंडस्ट्री विशेषज्ञ के एक प्रतिष्ठित पैनल द्वारा किया जाएगा, जिनके नाम इस प्रकार हैं- जीआईईए अवॉर्ड्स 2025 में, इंडस्ट्री की वास्तविक रीढ़ के रूप में इंश्योरेंस एडवाइज़र्स के असाधारण समर्पण, जुनून और कठोर परिश्रम को स मानित किया जाएगा. जीआईईए अवॉर्ड्स के लिए, जनरल और हेल्थ इंश्योरेंस सेक्टर के एडवाइज़र्स को विभिन्न अवॉर्ड कैटेगरी में खुद को नामांकित करने, अपनी उपलब्धियों को प्रदर्शित करने और दूसरों को प्रेरित करने के लिए आमंत्रित किया जाता है।

## मीडियाटेक ने रिटेलर एजुकेशन प्रोग्राम के साथ स्मार्टफोन एवं स्मार्ट डिवाइस इकोसिस्टम को लेकर भारतीय खुदरा विक्रेताओं को सशक्त किया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सालाना दो अरब से अधिक कनेक्टेड डिवाइस को ताकत प्रदान कर रही वैश्विक फैबलेस सेमीकंडक्टर कंपनी मीडियाटेक ने 2025 के लिए अपने वार्षिक रिटेलर एजुकेशन प्रोग्राम को सफलतापूर्वक शुरू करने और उसके समापन की घोषणा की है। दिल्ली/एनसीआर, गुवाहाटी और इंदौर जैसे प्रमुख शहरों पर केंद्रित इस अभियान का लक्ष्य मीडियाटेक डायमेन्सिटी 5जी सीरीज़ से शक्ति प्राप्त प्रीमियम एवं अग्रणी टेक्नोलॉजीज़ के बारे में खुदरा विक्रेताओं के बीच जागरूकता बढ़ाना और उन्हें शिक्षित करना था। मीडियाटेक इंडिया के निदेशक (मार्केटिंग एवं कॉरपोरेट क युनिकेशंस) अनुज सिद्धार्थ ने कहा, पिछले दो वर्षों में स्टोर्स में संवाद के माध्यम से यह रिटेलर एजुकेशन प्रोग्राम कई खुदरा विक्रेताओं तक पहुंचा है जिससे यह सुनिश्चित हुआ कि वहां के कर्मचारी और खुदरा विक्रेता मीडियाटेक डायमेन्सिटी एवं मीडियाटेक हेलियो सीरीज़ के चिपसेट के संबंध में ग्राहकों के सवालों का जवाब दे सकेंगे।

## एटमॉस्फियर कोर ने भारत में भव्य शुरुआत की

**भोपाल।** एक प्रतिष्ठित ग्लोबल हॉस्पिटैलिटी कंपनी, एटमॉस्फियर कोर ने 22 फरवरी, 2025 को अपने पहले कपल्स-ओनली रिज़ॉर्ट, सदर मंजिल हैरिटेज बाय एटमॉस्फियर भोपाल की शुरुआत के साथ भारत में प्रवेश किया है। सदर मंजिल का उद्घाटन शनिवार 22 फरवरी 2025 को आयोजित एक भव्य कार्यक्रम में माननीय मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा किया गया। इसके साथ ही मेहमानों के लिए इस होटल की आधिकारिक शुरुआत जल्द ही की जाएगी। ऐतिहासिक भोपाल और जीवंत नए भोपाल के बीच महत्वपूर्ण स्थान पर स्थित सदर मंजिल हैरिटेज में इतिहास का अतुलनीय अनुभव प्राप्त होगा। 19वीं सदी में बेगमों और नवाबों की सभा के लिए इस्तेमाल होने वाले इस ग्रांड हॉल एवं आवास को रिस्टोर करके कपल्स के लिए एक लग्ज़ुरियस रिट्रीट बनाई गई है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा, सदर मंजिल हैरिटेज बाय एटमॉस्फियर भोपाल विरासत इस शहर और पूरे मध्य प्रदेश राज्य की समृद्ध पहचान और गौरव का प्रमाण है। 126 साल के इतिहास और विरासत को फिर से जीवंत करके, आइए हम सभी अपने अतीत की इस शानदार याद को गले लगाएं और जश्न मनाएं। अक्षत जैन, सीईओ आरडीबी भोपाल हॉस्पिटैलिटी प्राईवेट लिमिटेड ने कहा, भारत में अवार्ड-विनिंग एटमॉस्फियर होटल्स एंड रिज़ॉर्ट्स ब्रांड लाने का यह उपयुक्त समय है। मालदीव के इनोवेटिव हॉस्पिटैलिटी कॉन्सेप्ट्स और स्थानीय विरासत का यह मिलन सदर मंजिल में एक बेजोड़ और नया अनुभव पेश करता है।

## जेएसडब्ल्यू ग्रुप के चेयरमैन सज्जन जिंदल को एआईएमए मैनेजिंग इंडिया अवार्ड्स में मिला बिजनेस लीडर ऑफ डिकेड का पुरस्कार




**नई दिल्ली एजेंसी।** जेएसडब्ल्यू ग्रुप के चेयरमैन सज्जन जिंदल को 15वें एआईएमए मैनेजिंग इंडिया अवार्ड्स में प्रतिष्ठित बिजनेस लीडर ऑफ डिकेड सम्मान से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान जेएसडब्ल्यू ग्रुप को एक वैश्विक समूह में विस्तारित करने में उनके परिवर्तनकारी नेतृत्व के लिए दिया गया है। ॥ जिंदल को यह पुरस्कार आज यहां आयोजित एक समारोह में मुख्य अतिथि श्री धर्मेंद्र प्रधान, केंद्रीय शिक्षा मंत्री और विशिष्ट अतिथि श्री जितिन प्रसाद, वाणिज्य एवं उद्योग; इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी राज्य मंत्री की उपस्थिति में प्रदान किया गया। प्रशस्ति पत्र केपीएमजी इंडिया के मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री येजदी नागपुरेवाला ने पढ़ा। श्री जिंदल के नेतृत्व में, जेएसडब्ल्यू समूह ने उल्लेखनीय वृद्धि हासिल की है, जिससे उसका राजस्व दोगुना से भी अधिक होकर 24 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया है। उनकी रणनीतिक दृष्टि के कारण जेएसडब्ल्यू ने अपनी वार्षिक इस्पात उत्पादन क्षमता को लगभग तीन गुना बढ़ाकर 39 मिलियन टन कर लिया है, साथ ही समूह को अक्षय ऊर्जा और सीमेंट निर्माण में एक प्रमुख शक्ति के रूप में स्थापित किया है।

## टाटा एआईए लाइफ का नया मल्टीकैप मोमेंटम क्वालिटी इंडेक्स पेंशन फंड

**मुंबई, एजेंसी।** लोगों में वित्तीय जागरूकता बढ़ रही है और डिजिटल पहुंच निवेश को सरल बना रही है, साथ ही नए, लचीले और विकास को बढ़ावा देने वाले रिटायरमेंट समाधानों की ज़रूरत बढ़ती जा रही है। पारंपरिक बचत साधन, सुरक्षित हैं, लेकिन आधुनिक निवेशकों की गतिशील ज़रूरतों को पूरा करने में अक्सर असफल हो जाते हैं। यहीं पर अगली पीढ़ी के वित्तीय उत्पाद, जैसे कि टाटा एआईए लाइफ इन्शुरन्स कंपनी लिमिटेड (टाटा एआईए) का नया एनएफओ, मल्टीकैप मोमेंटम क्वालिटी इंडेक्स पेंशन फंड काम आता है। लोगों को बाजार से जुड़े, स्मार्ट समाधानों के साथ सशक्त बनाने के लिए डिज़ाइन किया गया है, जो उन्हें अपने वित्तीय भविष्य पर नियंत्रण रखते हुए एक मजबूत रिटायरमेंट कॉर्पस बनाने में मदद करते हैं।रिटायरमेंट प्लानिंग का मतलब सिर्फ बचत करना नहीं है, बल्कि जोखिमों का प्रबंधन करते हुए अपनी संपत्ति बढ़ाना भी रिटायरमेंट प्लानिंग में शामिल होना चाहिए। टाटा एआईए का नया फंड क्वांट-आधारित निवेश रणनीति के ज़रिए पोर्टफोलियो स्थिरता सुनिश्चित करते हुए बाज़ार विकास के अवसरों का लाभ उठाने के लिए बनाया गया है। इस फंड में निवेश करके, पॉलिसीधारक निम्नलिखित लाभ उठा सकते हैं- लॉन्च पर टिप्पणी करते हुए, टाटा एआईए के मुख्य निवेश अधिकारी श्री हर्षद पाटील ने कहा- आज रिटायरमेंट प्लानिंग के लिए एक बेहतर, अधिक रणनीतिक दृष्टिकोण की आवश्यकता है। मल्टीकैप मोमेंटम क्वालिटी इंडेक्स पेंशन फंड उन निवेशकों के लिए बनाया गया है जो अपना भविष्य सुरक्षित करते हुए भारत की आर्थिक वृद्धि से लाभ उठाना चाहते हैं। गति और गुणवत्तापूर्ण निवेश को मिलाकर, हमारा लक्ष्य जोखिम को बेहतर समायोजित करते हुए रिटर्न प्रदान करना है, जिससे हमारे पॉलिसीधारकों को अपने सेवानिवृत्ति के वर्षों में वित्तीय स्वतंत्रता प्राप्त करने में मदद मिल सके।

# मुख्यमंत्री ने किया बॉटलिंग प्लांट का उद्घाटन रिलायंस की उत्तर पूर्व के लिए बड़ी परियोजना



**नई दिल्ली, एजेंसी।** रिलायंस कंज्यूमर प्रोडक्ट्स , रिलायंस इंडस्ट्रीज का स्त्रस्थ्त्त शाखा, ने असम के गुवाहाटी में एक नए बॉटलिंग प्लांट का उद्घाटन कर कैंपा के पोर्टफोलियो की पूर्वोत्तर भारत में उपस्थिति को और मजबूत किया है। यह प्लांट, जिसे स्थानीय साझीदार जेरीको के सहयोग से विकसित किया गया है, का उद्घाटन असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने किया, कंपनी ने एक बयान में कहा। यह परियोजना, जो जेरीको के साथ साझेदारी में विकसित की गई है, में दो बॉटलिंग लाइनों वाली मैन्युफैक्चरिंग तकनीक है - 600 बीपीएम (बॉटल्स प्रति मिनट) कार्बोनेटेड सॉफ़्ट ड्रिंक) लाइन और 583 बीपीएम पानी उत्पादन लाइन।

यह सुविधा 6 लाख वर्ग फीट से अधिक क्षेत्र में फैली हुई है, जो इसे क्षेत्र में सबसे बड़े बेवरेज मैन्युफैक्चरिंग यूनिट्स में से एक बनाती है, और इसकी प्रारंभिक उत्पादन क्षमता 10 करोड़ लीटर से अधिक कार्बोनेटेड सॉफ़्ट ड्रिंक्स और लगभग 18 करोड़ लीटर पैक्ड ड्रिंकिंग वाटर है। यह प्लांट ऋष्टक्क के बेवरेज पोर्टफोलियो का निर्माण करेगा, जिसमें कैंपा कोला, कैंपा ऑरेंज, कैंपा लेमन, पावर अप और इंडिपेंडेंस और श्योर वाटर ब्रांड्स के तहत पैक्ड ड्रिंकिंग वाटर शामिल है। मुख्य रूप से असम, पूर्वोत्तर भारत और उत्तर बंगाल में उपभोक्ता की मांग को पूरा करने के लिए, इस सुविधा के पास अन्य बाजारों को भी आपूर्ति करने की क्षमता है, जो मांग के आधार पर होगी, कंपनी ने बयान में कहा। समारोह में बोलते हुए, सरमा ने कहा,सामान्य लोग कैंपा के उत्पादों को बहुत किफायती मूल्य पर खरीद सकते हैं। यह कैंपा कोला का एक बड़ा फायदा है। जबकि वे किफायती मूल्य पर दे रहे हैं, वे गुणवत्ता से समझौता नहीं कर रहे हैं, जो अन्य वैश्विक मानकों के बराबर है। सरमा ने यह भी कहा कि उन्हें विश्वास है कि यह ब्रांड ताकत से ताकत की ओर बढ़ेगा और विस्तार के अधिक अवसर होंगे। ऋष्टक्क के ष्टह्लह्र केतन मोदी ने बयान में कहा,आज हम गुवाहाटी प्लांट का उद्घाटन जेरीको के साथ साझेदारी में कर रहे हैं, जो एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। हमारे ऑपरेशन यहां नए रोजगार के अवसर उत्पन्न करेंगे, जो सीधे स्थानीय आर्थिक विकास में योगदान करेंगे। यह विस्तार हमारे रणनीति का एक महत्वपूर्ण कदम है, जिसमें हम भारत के पारंपरिक ब्रांड्स को पुनर्जीवित करने और क्षेत्र के लिए सतत विकास को बढ़ावा देने का प्रयास कर रहे हैं।

जेरीको फूड्स और बेवरेजेज के संस्थापक आशीष अग्रवाल ने कहा कि गुवाहाटी में कैंपा बॉटलिंग प्लांट का शुभारंभ जेरीको फूड्स के लिए एक मील का पत्थर है, जो असम से एक पहली पीढ़ी का फूड और बेवरेज बिजनेस है।हम असम को एक प्रमुख मैन्युफैक्चरिंग डेस्टिनेशन के रूप में स्थापित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं, ताकि श्रेष्ठ उत्पाद बनाए जाएं जो जीवन को समृद्ध करें। यह विस्तार हमारी उत्कृष्टता, नवाचार, और क्षेत्र में फूड और बेवरेज मैन्युफैक्चरिंग के भविष्य के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को सुदृढ़ करता है, अग्रवाल ने कहा।

### अमेरिका से रिश्तों को लेकर भी बात कही

# एलन मस्क के टेस्ला को लेकर केंद्रीय मंत्री ने दिया बड़ा बयान




**नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने शनिवार को कहा कि भारत टेस्ला और उन सभी वैश्विक कंपनियों का स्वागत करता है जो देश में निवेश और निर्माण करना चाहती हैं।

एलन मस्क द्वारा प्रचारित इलेक्ट्रिक वाहन निर्माता टेस्ला के भारत में संभावित प्रवेश पर सवाल का जवाब देते हुए गोयल ने कहा कि अमेरिकी कंपनी को भारत में अपनी उपस्थिति स्थापित करने के लिए स्वागत है। मंत्री ने यह स्पष्ट करते हुए कहा कि भारत आयात के खिलाफ नहीं है, यह एक आपसी लाभकारी साझेदारी बनाने के लिए लेन-देन है।हम टेस्ला का स्वागत करते हैं और साथ ही उन सभी वैश्विक कंपनियों का भी स्वागत करते हैं जो भारत में निवेश और निर्माण करना चाहती हैं, गोयल ने कहा। मंत्री ने यह भी कहा कि शहरों में प्रदूषण के प्रमुख कारण निर्माण कार्य और वाहनों से होने वाला प्रदूषण हैं। उन्होंने यह आश्वासन दिया कि सरकार प्रदूषण को कम करने के लिए प्रतिबद्ध है, और इलेक्ट्रिक वाहनों के उपयोग को बढ़ावा देने जैसी कोशिशों को उसी दिशा में एक कदम बताया। शहरों में प्रदूषण का मुख्य कारण निर्माण और वाहनों से होने वाला प्रदूषण है, गोयल ने कहा, जो वाणिज्य मंत्रालय का प्रभार संभालते हैं। इलेक्ट्रिक वाहनों की ओर स्विच करना देश के लिए एक बड़ा लाभ होना चाहिए क्योंकि यह जो फायदे देता है, वे महत्वपूर्ण हैं, गोयल ने कहा, साथ ही यह ऑटो उपयोगकर्ताओं के लिए एक व्यावहारिक विकल्प भी है। अमेरिका-भारत साझेदारी पर बोलते हुए गोयल ने कहा कि दोनों देश एक-दूसरे से प्रतिस्पर्धा नहीं करते, बल्कि एक-दूसरे को पूरा करते हैं और जब ये दोनों मिलकर काम करते हैं, तो यह एक बल गुणक की तरह काम करता है।

दोनों देशों के लोगों और व्यापारों के बीच संबंध बहुत मजबूत हैं और इसके असीमित संभावनाओं के साथ हैं, उन्होंने कहा। गोयल ने यह भी कहा कि सभी लोगउत्साहित, प्रेरित और आशावादी हैं और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के कारण भारत के उद्योगों में किसी प्रकार के डर या धमकी का इनकार किया।

# आईपीएस सत्येन्द्र कुमार नीति आयोग में निदेशक नियुक्त



**दिल्ली , एजेंसी।** राजस्थान कैडर के 2007 बैच के आईपीएस अधिकारी सत्येंद्र कुमार को 24 सितंबर, 2025 तक या अगले आदेश तक, जो भी पहले हो, नीति आयोग में निदेशक नियुक्त किया गया है। 24 दिसंबर 2024 से केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर अपना 7 साल से अधिक का कार्यकाल पूरा करने के बाद छुट्टी पर चल रहे कुमार को नीति आयोग से बुलावा आया है। उन्होंने पर्यावरण और वन मंत्रालय में पहले उप निदेशक और फिर निदेशक के रूप में काम किया है। उनकी पत्नी टीना सोनी , जो 2007 बैच की आईएएस अधिकारी हैं, भी वर्तमान में केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर हैं तथा उर्वरक विभाग में संयुक्त सचिव के पद पर कार्यरत हैं।

इस महीने की शुरुआत में राजस्थान कैडर के 1995 बैच के आईएएस राजीव सिंह ठाकुर को नीति आयोग में सलाहकार नियुक्त किया गया था। वे भी 7 साल की केंद्रीय प्रतिनियुक्ति अवधि पूरी करने के बाद नीति आयोग में शामिल हुए थे। नीति आयोग में नियुक्ति से पहले वे भी छुट्टी पर थे।

## गोदरेज प्रॉपर्टीज ने पुणे के गोदरेज ईडन एस्टेट में भारत का पहला 3डी-प्रिंटेड जी+1 विला पेश किया

**पुणे।** देश के अग्रणी रियल एस्टेट डेवलपर्स में से एक गोदरेज प्रॉपर्टीज लिमिटेड ने पुणे के मान हिंजेवाड़ी स्थित गोदरेज ईडन एस्टेट में भारत का पहला 3डी-प्रिंटेड त्न+1 विला पेश किया है। यह परियोजना ट्वास्ता इंजीनियरिंग के सहयोग से पूरी की गई है। अत्याधुनिक 3डी प्रिंटिंग तकनीक का उपयोग करते हुए, कंपनी ने डिज़ाइन, दक्षता और स्थायित्व में नए मानक स्थापित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है, जिससे रियल एस्टेट उद्योग में एक बड़ा परिवर्तन देखने को मिलेगा। यह विला एडिटिव मैन्युफैक्चरिंग तकनीकों का उपयोग करके बनाया गया है, जो 3डी प्रिंटिंग की क्षमता को घर निर्माण में क्रांतिकारी बदलाव लाने की दिशा में दर्शाता है। यह परियोजना जून 2024 में शुरू हुई थी और मात्र चार महीनों में सफलतापूर्वक पूरी कर ली गई।

# एस जयशंकर ने हनुमानजी के प्रसंग के जरिए विदेश नीति समझाई

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली विश्वविद्यालय साहित्य महोत्सव में विदेश मंत्री एस जयशंकर ने रामायण धर्मग्रंथ के उदाहरण से वैश्विक राजनयिक परिदृश्य को समझाने का प्रयास किया, इसे वहां बैठे लोगों ने बहुत सराहा भी. दिल्ली विश्वविद्यालय के साहित्य महोत्सव में विदेश मंत्री एस जयशंकर ने हनुमानजी के प्रसंग के जरिए विदेश नीति और कूटनीति की बारीकियों को समझाया।



उन्होंने कहा,हनुमानजी को देखिए, प्रभु श्री राम ने उन्हें एक शत्रुतापूर्ण क्षेत्र में भेजा। कहा कि जाओ, वहां की स्थिति का जायजा लो। सबसे मुश्किल काम था वहां जाकर माता सीता से मिलना और उनका हौसला बढ़ाना। लेकिन हनुमानजी ने आत्मसमर्पण करके रावण के दरबार में प्रवेश किया। वे वहां की गतिविधियों को समझने में सफल रहे। विदेश नीति और कूटनीति क्या है? यह एक तरह से सामान्य समझ की बात है। आप अपने दोस्तों की संख्या कैसे बढ़ाते हैं? आप उन्हें किसी काम या जिम्मेदारी के लिए कैसे तैयार करते हैं? जब आपके सामने ढेर सारे लोग हों, तो आप उन्हें कैसे संभालते हैं और एक गठबंधन बनाते हैं? जयशंकर ने आगे कहा,आज भारत क्या करने की कोशिश कर रहा है? हम अपने दोस्तों की संख्या बढ़ाना चाहते हैं। हम अलग-अलग देशों को एक साथ लाने की कोशिश कर रहे हैं, भले ही वे सभी एक ही विचारधारा के न हों। हम उन्हें एकजुट करके एक साझा लक्ष्य की ओर ले जाना चाहते हैं। यह गठबंधन बनाने की कला बहुत महत्वपूर्ण है। उन्होंने हनुमानजी के इस प्रसंग को आधुनिक कूटनीति से जोड़ते हुए भारत की मौजूदा विदेश नीति के लक्ष्यों को रेखांकित किया। उनके इस बयान ने श्रोताओं के बीच कूटनीति को सरल और रोचक ढंग से समझने की उत्सुकता बढ़ाई।

# पूर्व आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास को मिली बड़ी जिम्मेदारी, बने पीएम मोदी के प्रधान सचिव



**नई दिल्ली, एजेंसी।** पूर्व भारतीय रिजर्व बैंक गवर्नर शक्तिकांत दास को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रधान सचिव-2 के रूप में नियुक्त किया गया है. उनकी यह नियुक्ति प्रधानमंत्री कार्यालय में एक महत्वपूर्ण बदलाव मानी जा रही है. शक्तिकांत दास पहले भी कई अहम पदों पर रह चुके हैं और अर्थव्यवस्था को दिशा देने में उनकी बड़ी भूमिका रही है. वे वित्त मंत्रालय में सचिव के रूप में भी कार्य कर चुके हैं. उनकी नई नियुक्ति से प्रशासनिक फैसलों में मजबूती आने की संभावना जताई जा रही है.

शक्तिकांत दास भारतीय प्रशासनिक सेवा के वरिष्ठ अधिकारी और देश के जाने-माने अर्थशास्त्री हैं. उनका जन्म 26 फरवरी 1957 को हुआ था. वे 1980 बैच के तमिलनाडु कैडर के अधिकारी रहे हैं और कई महत्वपूर्ण प्रशासनिक पदों पर कार्य कर चुके हैं.

शक्तिकांत दास ने वित्त मंत्रालय में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर अपनी सेवाएँ दी हैं. वे आर्थिक मामलों के सचिव और वित्तीय सेवाओं के सचिव जैसे पदों पर कार्य कर चुके हैं. दिसंबर 2018 में, उन्हें भारतीय रिजर्व बैंक का 25वां गवर्नर नियुक्त किया गया, जहां उन्होंने मौद्रिक नीति को संतुलित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई.

### शक्तिकांत दास की प्रमुख उपलब्धियां

GSTलागू करने में अहम भूमिका निभाई, जिससे कर प्रणाली सरल और पारदर्शी बनी. मौद्रिक नीति और आर्थिक सुधारों में योगदान दिया, जिससे भारत की अर्थव्यवस्था को स्थिरता मिली. डिजिटल भुगतान प्रणाली को बढ़ावा देकर वित्तीय समावेशन को मजबूत किया

## पंकज त्रिपाठी जियो-बीपी के नए इंटरनेशनल फ्यूल फॉर इंडिया अभियान का चेहरा बने

**नई दिल्ली।** पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने आज नई दिल्ली में इंडिया एनर्जी वीक 2025 में अग्रणी मोबिलिटी समाधान प्रदाता जियो-बीपी (रिलायंस बीपी मोबिलिटी लिमिटेड का ऑपरेटिंग ब्रांड, रिलायंस इंडस्ट्रीज और बीपी का संयुक्त उद्यम) के इंटरनेशनल फ्यूल फॉर इंडिया (आईएफएफआई) अभियान का शुभारंभ किया। लोकप्रिय भारतीय सिनेमा अभिनेता पंकज त्रिपाठी की मौजूदगी में आईएफएफआई अभियान में दिखाया गया कि जियो-बीपी किस तरह बिना किसी अतिरिक्त लागत के हर भारतीय तक उच्च प्रदर्शन वाले ईंधन पहुंचा रहा है। बीपी के ईंधन अनुसंधान के 100 से अधिक वर्षों के अनुभव का लाभ उठाते हुए, यूनाइटेड किंगडम और जर्मनी में विश्व स्तर पर प्रशंसित आरएंडडी केंद्रों में विशेषज्ञ प्रौद्योगिकीविदों की गहन जांच के तहत हजारों किलोमीटर से अधिक समय तक भारतीय ईंधन के साथ भारतीय मूल उपकरण निर्माता के इंजनों का परीक्षण करके एक्टिव टेक्नोलॉजी के साथ जियो-बीपी के उच्च प्रदर्शन वाले ईंधन विकसित किए गए हैं। एक्टिव टेक्नोलॉजी के साथ जियो-बीपी में डीजल 4.3 प्रतिशत तक की वृद्धिशील माइलेज का लाभ प्रदान करता है, और एक्टिव टेक्नोलॉजी के साथ जियो-बीपी में पेट्रोल महत्वपूर्ण इंजन भागों को 10 गुना तक साफ रखने में मदद करता है।

## विज्ञापन पर विवाद, कोटा उपभोक्ता कोर्ट ने शाहरुख खान, अजय देवगन और टाइगर श्रॉफ को तलब किया

**कोटा।** बॉलीवुड सितारों शाहरुख खान, अजय देवगन और टाइगर श्रॉफ को कोटा के उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग ने नोटिस जारी कर तलब किया है। यह मामला विमल पान मसाला के विज्ञापन से जुड़ा है, जिसमें भ्रामक दावों का आरोप लगाया गया है। कोटा के सामाजिक कार्यकर्ता इंद्रमोहन सिंह हनी ने आयोग में परिवाद दायर कर विज्ञापन पर रोक लगाने और जुर्माना लगाने की मांग की है। क्या है मामला? परिवादी के वकील विवेक नंदवाना ने बताया कि इंद्रमोहन सिंह ने विमल पान मसाला के निर्माता और तीनों अभिनेताओं के खिलाफ शिकायत दर्ज की। उनका आरोप है कि ये सितारे विज्ञापन में केसर होने का दावा कर युवाओं को गुमराह कर रहे हैं, जिन्हें वे अपना रोल मॉडल मानते हैं। केसर की बाजार कीमत करीब 4 लाख रुपये प्रति किलो है, जबकि विमल का पाउच मात्र 5 रुपये में बिकता है। परिवादी का कहना है कि इतनी कम कीमत पर केसर होने का दावा भ्रामक है और इसके समर्थन में कंपनी कोई पुख्ता सबूत नहीं देती। साथ ही, विज्ञापन में चेतावनी इतने छोटे अक्षरों में लिखी होती है कि उसे पढ़ना मुश्किल है। कोर्ट की कार्रवाई आयोग के अध्यक्ष अनुराग गौतम और सदस्य वीरेंद्र सिंह रावत ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए शाहरुख खान, अजय देवगन, टाइगर श्रॉफ और विमल पान मसाला के निर्माता को नोटिस जारी किया। सभी को 21 अप्रैल 2025 तक जवाब देने के लिए कोर्ट में तलब किया गया है।

# भारत को पीछे न छोड़ा तो मेरा नाम..., प्रधानमंत्री का ये बयान हो रहा वायरल



**लाहौर।** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने शनिवार को एक जनसभा में बड़ा बयान दिया। डेरा गाजी खान में आयोजित रैली में उन्होंने कहा, अगर पाकिस्तान ने भारत को प्रगति में पीछे नहीं छोड़ा तो मेरा नाम शहबाज शरीफ नहीं।शरीफ ने आत्मनिर्भरता और विदेशी कर्ज पर निर्भरता कम करने की अपनी योजना पर जोर दिया। उनके इस बयान का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया, जिसके बाद लोगों ने हास्य और संदेह भरी प्रतिक्रियाएं दीं।शहबाज शरीफ ने कहा, अगर ऊपरवाले की मर्जी हुई तो हम मेहनत करेंगे, रात-दिन मेहनत करेंगे। एक दिन ऐसा आएगा जब हम हिंदुस्तान को पीछे छोड़ देंगे, वरना मेरा नाम शहबाज शरीफ नहीं। उन्होंने कई विकास परियोजनाओं की घोषणा करते हुए पाकिस्तान को आर्थिक रूप से मजबूत और वैश्विक स्तर पर आगे ले जाने का संकल्प दोहराया। शरीफ ने दावा किया कि उनके कार्यकाल में मुद्रास्फीति 40 से घटकर 2 प्रतिशत हो गई है, हालांकि इसके समर्थन में कोई आधिकारिक डेटा पेश नहीं किया गया। शरीफ के बयान ने सोशल मीडिया पर तुरंत सुर्खियां बटोरीं। यूजर्स ने इसे लेकर हल्के-फुल्के अंदाज में तंज कसे। एक यूजर ने लिखा, हमें अब इनके लिए नया नाम सोचना पड़ेगा। एक अन्य ने टिप्पणी की आज दवाई नहीं ली, मानसिक संतुलन खो बैठे। किसी ने मजाक में कहा, पाकिस्तान को क्लाउन ओलंपिक की मेजबानी करनी चाहिए। इन प्रतिक्रियाओं से उनके बयान पर हास्य और अविश्वास का माहौल साफ झलकता है। शरीफ का यह बयान भारत-पाकिस्तान के बीच प्रतिस्पर्धा को एक नया रंग देता है।

## अंतरपीढ़ीगत समन्वय पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**छिंदवाड़ा।** सतपुड़ा विधि महाविद्यालय में कॉलेज के विद्यार्थियों के साथ अंतरपीढ़ीगत समन्वय पर एक दिवसीय जागरूकता संवेदीकरण कार्यक्रम आयोजित किया गया कार्यक्रम में प्रथम सत्र के विषय विशेषज्ञ के रूप में महिला बाल विकास विभाग के बाल सरंक्षण अधिकारी चन्द्रशेखर नागेश एवं द्वितीय सत्र के विषय विशेषज्ञ के रूप में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के विभाग कार्यवाह एवं सामाजिक कार्यकर्ता श्री राम भरोस डिगरसे ने संवेदीकरण कार्यक्रम में विधि के विद्यार्थियों को मार्गदर्शन प्रदान किया।

## चौरागढ़ पंच कमेटी त्रिशूल की भव्य शोभायात्रा



**छिंदवाड़ा।** श्री चौरागढ़ बाबा के महादेव मेला भूराभगत , पचमढ़ी देश प्रदेश में अलग स्थान रखता है। महादेव जी को त्रिशूल अर्पित करने की परम्परा वर्षों से चली आ रही है । उसी कड़ी में अपने त्रिशूल का अलग विशेष स्थान रखने वाली संस्था जो कि 55 वर्षों से अधिक समय से त्रिशूल श्री चौरागढ़ पंच कमेटी , श्री बड़ी माता , श्री राम मंदिर छोटी बाजार छिंदवाड़ा के द्वारा त्रिशूल भेंट किया जा रहा है। इस वर्ष भी 151 किलो उस्टेनलेस स्टील का त्रिशूल बाबा महादेव को अर्पित किया जा रहा हैं। आज महादेव त्रिशूल यात्रा दोपहर को बजे गाजे बाजे डीजे की धुन में विशाल जुलूस के माध्यम से बस स्टैंड ले जाया गया। वह से समस्त भक्तगण बस के माध्यम से भूराभगत से चौरागढ़ महादेव की त्रिशूल यात्रा अपने कंधों में ले कर आरंभ करेंगे। समिति के भक्तगण मिल कर यह त्रिशूल को महादेव की दुर्गम पहाड़ियों को ले कर चढ़ाते हैं। इस वर्ष 2025 का यह त्रिशूल नेपाल के पशुपतिनाथ ज्योतिर्लिंग में अर्पित किया जाएगा।

## अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा हिंदी दिवस का आयोजन



**छिंदवाड़ा।** राजभाषा हिंदी विभाग एवं भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वाधान में अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा हिंदी दिवस का आयोजन प्राचार्य डॉक्टर डीडी विश्वकर्मा के संरक्षण, विभाग अध्यक्ष डॉ लक्ष्मीचन्द के निर्देशन, प्रो उर्मिला खरपुसे एवं प्रो. सुशील ब्यौहार के विशिष्ट व्याख्यान एवं डॉ सीमा सूर्यवंशी, डॉ रचना लारिया , श्री हर्षुल रघुवंशी % एवं महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक एवं छात्र छात्राओं की उपस्थिति में कार्यक्रम का सफल समापन किया गया । जिसमें प्राचार्य डॉ डी डी विश्वकर्मा ने- मातृभाषा के संरक्षण हेतु व्याख्यान दिया । प्रो उर्मिला खरपूसे ने- अपनी-अपनी मातृभाषा को संरक्षित रखने हेतु पहला प्रयास अपने घर से ही प्रारम्भ करें। प्रो0 सुशील ब्यौहार ने-भाषा विलुप्त होने से संस्कृति भी विलुप्त हो रही है। डॉ सीमा सूर्यवंशी ने- मातृभाषा का नष्ट होना उस मातृभाषा की संजीवनी बूटी का नष्ट होना है जिसका सीधा असर भारतीय संस्कृति पर पड़ेगा डॉ रचना लारिया ने -मातृभाषा को संरक्षित रखने का बीड़ा हम सबको आज से ही उठाना होगा। हर्षुल रघुवंशी - मैं आज से ही बीड़ा उठता हूँ अपनी मातृभाषा को जीवित रखने का। डॉ रचना लारिया ने संचालन तथा डॉ सीमा सूर्यवंशी ने आभार प्रकट किया प्रथम छात्र निशांत बाहे द्वितीय छात्रा रीना सलामें तृतीय रेशमी बारसिया रहे। प्रतियोगिता- निबंध , प्रश्नमंच संगोष्ठी , भाषण प्रतियोगिता आयोजित हुई ।

## अखिल भारतीय बौद्ध युवक-युवती परिचय सम्मेलन 23 को


**छिंदवाड़ा।** अखिल भारतीय बौद्ध युवक-युवती परिचय सम्मेलन 23 फरवरी को छिंदवाड़ा में, सामूहिक विवाह भी होंगे छिंदवाड़ा डॉ. आंबेडकर समता विकास समिति, छिंदवाड़ा के तत्वावधान में दिनांक 23 फरवरी को स्थानीय समता बौद्ध विहार, अंबेडकर नगर, परासिया रोड, छिंदवाड़ा में अखिल भारतीय बौद्ध युवक-युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन सामाजिक समरसता और वैवाहिक जीवन को सुगम बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास है। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः 10 बजे होगा, जिसमें आदरणीय भिक्षु संघ के आगमन के साथ बुद्ध वंदना, धम्म वंदना और संघ वंदना की जाएगी। साथ ही, भिक्षु संघ द्वारा धम्म देशना प्रदान की जाएगी।

## मीडियाटेक ने भारतीय खुदरा विक्रेताओं को सशक्त किया

**नई दिल्ली।** सालाना दो अरब से अधिक कनेक्टेड डिवाइस को ताकत प्रदान कर रही वैश्विक फैबलेस सेमीकंडक्टर कंपनी मीडियाटेक ने 2025 के लिए अपने वार्षिक रिटेलर एजुकेशन प्रोग्राम को सफलतापूर्वक शुरू करने और उसके समापन की घोषणा की है। दिल्ली/एनसीआर, गुवाहाटी और इंदौर जैसे प्रमुख शहरों पर केंद्रित इस अभियान का लक्ष्य मीडियाटेक डायमेन्सिटी 5जी सीरीज़ से शक्ति प्राप्त प्रीमियम एवं अग्रणी टेक्नोलॉजीज़ के बारे में खुदरा विक्रेताओं के बीच जागरूकता बढ़ाना और उन्हें शिक्षित करना था। मीडियाटेक इंडिया के निदेशक अनुज सिद्धार्थ ने कहा, पिछले दो वर्षों में स्टोर्स में संवाद के माध्यम से यह रिटेलर एजुकेशन प्रोग्राम कई खुदरा विक्रेताओं तक पहुंचा है जिससे यह सुनिश्चित हुआ कि वहां के कर्मचारी और खुदरा विक्रेता मीडियाटेक डायमेन्सिटी एवं मीडियाटेक हेलियो सीरीज़ के चिपसेट के संबंध में ग्राहकों के सवालों का जवाब दे सकेंगे।

# महादेव मेला में उमड़ा श्रद्धालुओं का जनसैलाब

### हर दिन पहुंच रहे हजारों श्रद्धालु, त्रिशूल लेकर भी पहुंच रहे भक्त




**छिंदवाड़ा।** पचमढ़ी में महादेव मेला में श्रद्धालूओं का जनसैलाब उमड़ रहा है। यहां पूजा अर्चना करने के लिए छिंदवाड़ा ही बल्कि आसपास के जिले एवं महाराष्ट्र प्रदेश से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालू पहुंच रहे हैं। हर हर महादेव के नारे लगाते श्रद्धालू कई किलोमीटर की यात्रा पैदल चलकर चौरागढ़ पहुंच रहे हैं यहां पहुंचने लिए श्रद्धालूओं को दो रास्तों से जाना होता है भूराभगत से होते हुए 17 किलोमीटर की यात्रा कर चौरागढ़ पहुंचते हैं वहीं पचमढ़ी होते हुए भी श्रद्धालू पहुंच रहे हैं। चौरागढ़ पहुंचने वाले श्रद्धालूओं के लिए सामाजिक संस्थाओं द्वारा यहां जगह जगह भंडारे का आयोजन भी किया गया है। कई लोग सेवाभाव में लगे हुए हैं। महाशिवरात्री तक रूककर श्रद्धालूओं की सेवा कर रहे हैं भाजपा के युवा नेता संदीप रघुवंशी द्वारा श्रद्धालूओं के लिए भंडारे का आयोजन किया गया है। यहां पचमढ़ी में पांच दिवसीय भंडारे का युवा भाजपा नेता संदीप द्वारा महाप्रसादी वितरण किया जा रहा हैं। श्री रघुवंशी प्रतिवर्ष महादेव मेला के दौरान श्रद्धालूओं के लिए भंडारे का आयोजन करते हैं, नर सेवा ही नारायण सेवा का मंत्र लेकर वे सेवाभाव में लगे हुए हैं।

**भूरा भगत में कतिया समाज का 5 दिवसीय निः शुल्क भंडारा 26 फरवरी तक**

महाशिवरात्रि पर इस वर्ष भी कतिया समाज कल्याण संस्था जिला छिंदवाड़ा के द्वारा भगवान भोलेनाथ के आत्म प्रेमी भक्त संत शिरोमणि भूरा भगत महाराज की जन्म स्थल सांगाखेड़ा में महादेव की यात्रा करने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु उनके ठहरने, सामान की देखभाल और सुबह शाम निः शुल्क भण्डारा कराया जावेगा, उक्त जानकारी जिला कतिया समाज के सचिव मोहन बेलवंशी ने देते हुये बताया कि मेले आने वाले अधिक अधिक सभी भक्तगण सुविधाओं का लाभ लेकर पुण्य लाभ लें ।

## श्रीमद् भागवत कथा शुभारंभ पर निकाली गई कलश यात्रा



**छिंदवाड़ा।** सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के अवसर पर भव्य कलश यात्रा षष्टी माता मंदिर से निकाली गई। शनिवार को सात दिवसीय भागवत कथा का शुभारंभ दशहरा मैदान में हुआ। जिसमें अन्तर्राष्ट्रीय कथा वाचक मृदुल कृष्ण गोस्वामी महाराज वृन्दावन उत्तर प्रदेश द्वारा कथा सुनाई गई। कथा में भक्तों ने भागवत कथा का श्रवण किया। कथा का आयोजन डॉ. राजेश साहू, मेघा साहू, संचालक श्री बालाजी कॉलेज, बालाजी फन एण्ड जॉय वाटर पार्क के संचालक के द्वारा किया जा रहा है। महाराज जी कथा प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से शाम 6 बजे तक होगी। कथा वाचक मृदुल कृष्ण गोस्वामी के मधुर भजन दूर नगरी बड़ी दूर नगरी अपनी वाणी से अमृत घोल राधे राधे जपा करों छोटे से मेरो मदन गोपाल मेरो है। गोविन्द मेरो गोपाल मेरो मुझे चरणों से लगा ले आदि भजनों को सुनाया।


## 6 माह में सेवानिवृत्त हो रहे लोक सेवकों के पेंशन प्रकरणों की समीक्षा बैठक

**छिन्दवाड़ा।** कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह के निर्देशानुसार आगामी 6 माह में सेवानिवृत्त हो रहे लोक सेवकों के पेंशन प्रकरणों की समीक्षा के लिये आज जिला शिक्षा अधिकारी श्री जी.एस.बघेल, सहायक संचालक शिक्षा श्री पी.एल.मेश्राम, कनिष्ठ लेखाधिकारी श्री अशोक कुमार कुलस्ते एवं पेंशन शाखा प्रभारी रमेश कुमार घोड़के द्वारा सभी आहरण-संवितरण अधिकारी (बी.ई.ओ.) तथा संबंधित लिपिक एवं संकुल के स्थापना लिपिक की बैठक संपन्न हुई। इस बैठक में 31 दिसंबर 2024 के पूर्व एवं आगामी 6 माह में सेवानिवृत्त होने वाले शिक्षकों एवं कर्मचारियों के पेंशन प्रकरण के निराकरण से संबंधित वन-टू-वन समीक्षा की गई, जिसमें 31 दिसंबर 2024 के पूर्व सेवानिवृत्त कर्मचारियों के पेंशन प्रकरण लंबित पाये गये, जिसमें विकासखंड परासिया के 02, छिंदवाड़ा के 07, चौरई के 02, अमरवाड़ा के 02 एवं मोहखेड़ के 02, इस प्रकार कुल 15 प्रकरण लंबित रहने का कारण संबंधित विकासखंड शिक्षा अधिकारी से जाना गया, जिसमें विकासखंड शिक्षा अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि 12 प्रकरण जिला पेंशन कार्यालय में जमा किये गये एवं शेष 03 प्रकरण में दर्ज आपत्ति का निराकरण कर अतिशीघ्र जमा किया जायेगा। इसी प्रकार आगामी 6 माह में सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों की वन-टू-वन समीक्षा की गई, जिसमें विकासखंड परासिया के 12, छिंदवाड़ा के 09, चौरई का 01, अमरवाड़ा के 05, मोहखेड़ के 08, सौंसर के 15 एवं पांढुर्णा के 15, इस प्रकार कुल 65 कर्मचारी सेवानिवृत्त हो रहे हैं। जिसमें विकासखंडों से 36 प्रकरण तैयार कर जिला पेंशन कार्यालय में जमा किये जा चुके हैं तथा शेष 29 प्रकरणों को यथाशीघ्र तैयार कर जिला पेंशन कार्यालय में जमा करने के लिये जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा निर्देश दिए गये। साथ ही आगामी टी.एल. बैठक में संबंधित विकासखंड शिक्षा अधिकारी एवं स्थापना लिपिक को उपस्थित होने के निर्देश दिये गये।

### नाबालिग के साथ दुष्कर्म करने के मामले में...

## आरोपी के विरुद्ध अभियोग पत्र न्यायालय में पेश किया मात्र 61 दिवस में दोषी को आजीवन कारावास

**छिंदवाड़ा।** 02 दिसंबर 2024 को पीड़िता द्वारा अपने परिजन के थाना नवेगांव उपस्थित आकर मौखिक रिपोर्ट लेख कराया कि स्कूल से घर लौटते समय आरोपी ने उसे बहाने से रोका और जबरन सुनसान स्थान पर ले जाकर दुष्कर्म किया। घटना के बाद आरोपी ने पीड़िता को धमकी दी और फरार हो गया। पीड़िता ने घर पहुंचकर परिजनों को आपबीती सुनाई, पीडिता की रिपोर्ट पर अभियुक्त के विरुद्ध अप.क्र. 203/24 धारा 137(2), 64(1), 64(2)(ग्न) भारतीय न्याय संहिता एवं 3/4 , 5(ठ)/6 लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया ।



**विवेचना के दौरान कार्यवाही**

प्रकरण गंभीर प्रकृति का होने से वरिष्ट अधिकारियो से प्राप्त दिशा निर्देश के पालन में उप निरीक्षक पूनम उईके द्वारा अपराध पंजीबद्ध करने उपरा-?त उप निरीक्षक राजेश साहू तत?कालीन थाना प्रभारी नवेगांव द्वारा प्रकरण की विवेचना में तत्काल घटना स्थल का सुक्ष्मता से निरीक्षण कर घटना स्थल पर पाये गये साक्ष्यो का विधिवत संकलन किया जाकर घटना कारित कर फरार हुये आरोपी दिनेश यदुवंशी को चंद घंटो में ही गिरफ्तार किया जाकर माननीय न्यायालय पेश कर आरोपी के विरुद्ध प्रकरण में 14 दिवस में विवेचना पूर्ण कर *चालान क्र. 193/24 दिनांक 18/12/24 को तैयार कर माननीय न्यायालय पेश किया गया । न्यायालय का निर्णय- प्रकरण में मान.अपर सत्र न्याया. जुन्नारदेव छिन्दवाड़ा द्वारा विशेष प्रकरण क्रमांक 30/2024 में विचारण के दौरान आये साक्ष्य, साक्षियो/डी.एन.ए. रिपोर्ट तथा अभियोजन पक्ष तथा बचाव पक्षो के तर्को को सुनने के उपरांत दिनांक 21/02/2025 को *मात्र 61 दिवस में* माननीय न?यायालय द्वारा पारित निर्णय में *आरोपी दिनेश पिता नचन यदुवंशी उम्र 28 साल निवासी ग्राम चिखलार (नवेगांव) को धारा 5(ठ)/6 पॉक्सो एक्ट के तहत आजीवन कारावास (शेष प्राकृतिक जीवनकाल तक), धारा 137(2) भारतीय दंड संहिता के तहत 5 वर्ष का सश्रम कारावास एवं ?5000 के अर्थदंड की सजा सुनाई गई है। पीड़िता को प्रतिकर राशि 02 लाख रुपये प्रदाय करने हेतु आदेशित किया गया ।

**सराहनीय कार्यः-** प्रकरण की विवेचना तत्कालीन थाना प्रभारी नवेगांव उपनिरीक्षक राजेश साहू द्वारा की गई हैं !अभियोजन की ओर से अतिरिक्त जिला अभियोजन अधिकारी श्रीमती गंगावति डहेरिया द्वारा पैरवी की गई । पुलिस अधीक्षक द्वारा तत्कालीन थाना प्रभारी नवेगांव एवं टीम को पुरुस्कृत किये जाने की घोषणा की गई !

## शासकीय माध्यमिक शाला अर्जुनवाड़ी का आकस्मिक निरीक्षण

**छिन्दवाड़ा।** कलेक्टर ीलेन्द्र सिंह के निर्देशानुसार उप संचालक पशुपालन एवं डेयरी विभाग डॉ.एच.जी.एस.पक्षवार द्वारा आज जिले के विकासखंड मोहखेड़ की शासकीय माध्यमिक शाला अर्जुनवाड़ी का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान शाला में उपस्थिति पंजी अनुसार 05 शिक्षक व एक भृत्य है, जिसमें से 04 शिक्षक व एक भृत्य उपस्थित पाया गया तथा एक माध्यमिक शिक्षक श्री कृष्णा शेरके 5वीं व 8वीं के वार्षिक परीक्षाओं के केन्द्र अध्यक्ष बनाये गये है, जिसकी व्यवस्था के लिये गये हुये थे। इस दौरान सर्वप्रथम कक्षा 6वीं की छात्रा कु.यशस्वी माहोरे ने 6 का पहाड़ा सुनाया एवं विकासखंड का नाम बताया एवं कक्षा 6वीं की छात्रा कु.यामिनी माहोरे ने जोड़ के सवाल सही हल किये, छात्रा कु.मयुरी धारकर द्वारा जिले के कलेक्टर का नाम बताया गया, कु.उज्वला सांगोड़े द्वारा भी अंग्रेजी अच्छी तरह से पढ़ी गई। शिक्षा का स्तर अच्छा पाया गया। अच्छी शिक्षा के लिये सभी शिक्षकों को बधाई दी गई। पहली कक्षा से लेकर 8वीं कक्षा तक 93 में से 74 विद्यार्थी उपस्थित पाये गये। इस दौरान शिक्षकों के द्वारा बताया गया कि 15 छात्र-छात्राओं के आधार कार्ड अपग्रेड नहीं हुये हैं।

## हनुमान जी की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा की कलश यात्रा



**छिंदवाड़ा।** भव्य कलश यात्रा/ सिवनी रोड फटाका गोदाम शांति नगर मैं हनुमान जी की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा की कलश यात्रा नगर में निकाली गई सभी मोहल्ले वासियों ने कलश यात्रा में भाग लिया आज से फटाका गोदाम पिपलेश्वर मंदिर मैं हनुमान जी की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा प्रारंभ हो गई 23 तारीख को स्थापना एवं भंडारे का आयोजन किया गया है

## गैर संक्रामक रोगों की जांच करायेः सांसद

### 31 मार्च तक चलेगा विशेष जांच अभियान



**छिन्दवाड़ा।** केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा आमजनों के स्वास्थ्य पर विषेष ध्यान दिया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पहल पर संचालित आयुष्मान योजना में करोड़ो लोगों को स्वास्थ्य लाभ मिल रहा है। अब देखा जा रहा है कि लगभग हर घर में सुगर] बीपी एवं कैंसर के मरीज मिल रहे है। जिसे देखते हुए केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाष नड्डा द्वारा अनुकरणीय पहल की गई है। जिसके तहत अब स्वास्थ्य विभाग की तकनीकी टीम स्वास्थ्य केन्द्रों में एवं लोगों द्वारा घर.घर जाकर सुगरए बीपी एवं कैंसर की जांच की जायेगी। उक्त आषय की जानकारी देते हुए सांसद बंटी विवेक साहू ने लोगों से अपील की है कि वे स्वास्थ्य केन्द्रों में जाकर अपनी जांच कराये और जो टीम घर.घर आकर जांच करेगी उन्हें सही जानकारी उपलब्ध कराये। सांसद श्री साहू ने बताया कि केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने विशेष एनसीडी जांच अभियान शुरू की हैए जिसके तहत 30 वर्ष और उससे अधिक आयु के सभी व्यक्तियों की 100 प्रतिशत कवरेज करने का लक्ष्य सुनिश्चित किया गया है। इस अभियान की मुख्य विशेषता यह है कि स्वास्थ्य विभाग की टीम घर.घर जाकर लोगों से संपर्क करेगी। जिसके तहत प्रशिक्षित आशाए एएनएम और अग्रिम पंक्ति के कार्यकर्ता ज्यादा से ज्यादा जांच सुनिश्चित करने के लिए सामुदायिक दौरे करेंगे तथा लोगों के घरों तक पहुंचेंगे।

## कमलनाथ व नकुलनाथ के आगमन की तैयारियों पर की चर्चा

### पांढुर्ना में सम्पन्न हुई कांग्रेस की महत्वपूर्ण बैठक



**छिन्दवाड़ा।** मप्र के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ एवं जिले के पूर्व सांसद नकुलनाथ के आगमन को लेकर की जा रही तैयारियों व संगठनात्मक विषयों को लेकर पांढुर्ना जिला कांग्रेस की एक महत्वपूर्ण बैठक पांढुर्ना में सम्पन्न हुई। आयोजित बैठक में वरिष्ठ कांग्रेस जनप्रतिनिधियों के अलावा जिला कांग्रेस के पदाधिकारी व कार्यकर्तागण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। आयोजित बैठक को सम्बोधित करते हुए पांढुर्ना जिला प्रभारी गंगाप्रसाद तिवारी ने कहा कि जिला कांग्रेस, ब्लॉक कांग्रेस व क्षेत्रीय कांग्रेस कमेटियों के साथ ही कांग्रेस के समस्त मोर्चा संगठनों में पदाधिकारियों को जो जिम्मेदारी सौंपी गई है उसका पूर्ण निष्ठा के साथ निर्वाहण करें। बूथ स्तर तक पहुंचकर जनता के बीच भाजपा सरकार के द्वारा दी गई महंगाई, बेरोजगारी व बढ़ते हुए अपराध से आमजन को अवगत कराएं। जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष श्री सुरेश झलके ने सम्बोधित करते हुए कहा कि आगामी 28 फरवरी को पूर्व मुख्यमंत्री माननीय कमलनाथ जी एवं पूर्व सांसद माननीय नकुलनाथ जी का पांढुर्ना आगमन होने जा रहा है। उन्होंने जारी तैयारियों से उपस्थित वरिष्ठ जनप्रतिनिधियों को अवगत कराया साथ ही संगठन से जुड़े विषयो पर चर्चा की।

## सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु प्रभावी कार्रवाई

**छिंदवाड़ा।** थाना चान्दामेटा अंतर्गत मंगली बाजार क्षेत्र में मुख्य सड़क पर बने डिवाइडर से बार-बार वाहन टकराने के कारण लगातार दुर्घटनाएँ हो रही थीं। इन घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक छिंदवाड़ा के निर्देशानुसार दुर्घटनाओं के कारणों की जांच कर आवश्यक सुधारात्मक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। उक्त निर्देशों के पालन में एसडीओपी परासिया, थाना प्रभारी चान्दामेटा, सड़क निर्माण एजेंसी जनप्रतिनिधियों एवं स्थानीय नागरिकों के साथ समन्वय कर स्थिति का विश्लेषण किया गया। विस्तृत चर्चा एवं निरीक्षण के उपरांत निम्नलिखित सुधारात्मक कदम उठाए गए- (01) डिवाइडर को 25 फीट पीछे हटाया गया, जिससे सड़क पर वाहनों के आवागमन में सुविधा हो और दुर्घटनाओं की संभावना को न्यून किया जा सके।(02) *सड़क पर आवश्यक साइन बोर्ड एवं संकेतक लगाए गए, * ताकि वाहन चालकों को मार्ग की स्पष्ट जानकारी मिल सके और वे सावधानीपूर्वक वाहन चला सकें !इन सुधारात्मक उपायों के लागू होने के पश्चात मंगली बाजार क्षेत्र में सड़क दुर्घटना की संभावना में कमी आई है और कोई नवीन दुर्घटना नहीं हुई है , यह कार्यवाही प्रभावी एवं जनहितकारी रही है। उपरोक्त कार्रवाई से आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है।

## श्रीमद् भागवत कथा में भक्त प्रहलाद प्रसंग एवं शिव विवाह सुनाया गया



**छिंदवाड़ा।** कथा व्यास पंडित दीपक मिश्रा ने कहा कि भक्त प्रहलाद ने माता कयाधु के गर्भ में ही नारायण नाम का मंत्र सुना था। जिसके सुनने मात्र से भक्त प्रहलाद के कई कष्ट दूर हो गए थे। कथा का आगाज गुरु वंदना के साथ किया गया। इसके उपरांत उन्होंने भगवान श्री कृष्ण की पावन लीलाओं का वर्णन किया। उन्होंने कहा कि बच्चों को धर्म का ज्ञान बचपन में दिया जाता हैए वह जीवन भर उसका ही स्मरण करता है। ऐसे में बच्चों को धर्म व आध्यात्म का ज्ञान दिया जाना चाहिए। माता-पिता की सेवा व प्रेम के साथ समाज में रहने की प्रेरणा ही धर्म का मूल है। कथा के अंत में यजमान लोकेश डहेरिया ने पोथी की आरती कर भक्तों में प्रसाद का वितरण किया।

## स्काउट गाइड से बच्चे सीखते है स्वअनुशासनः डीईओ

### स्काउट गाइड ने मनाया सर्व धर्म प्रार्थना कर बेडेन पावेल की जयंती




**छिंदवाड़ा ।** भारत स्काउट एवं गाइड जिला संघ छिन्दवाडा के वार्षिक कार्यक्रम अनुसार लार्ड बेडेन पावेल जयंती एवं लेडी बेडेन पावेल की जयंती 22फरवरी के अवसर पर भारत स्काउट एवं गाइड छिंदवाड़ा द्वारा जिला संघ छिन्दवाडा द्वारा पुराना जिला शिक्षा अधिकारी स्काउट गाइड प्रशिक्षण केन्द्र डाईट परिसर छिन्दवाडा में लार्ड बेडेन पावेल एवं लेडी बेडेन पावेल की जयंती को विचार दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी पदेन जिला कमिश्नर स्काउट गोपाल सिंह बघेल, सहायक संचालक पी.एल मेश्राम, भारत स्काउट एवं गाइड जिला संघ अध्यक्ष विनोद तिवारी, राज्य संथ उपाध्यक्ष तुकाराम दुर्गे, जिला संघ उपाध्यक्ष अखिलेश चौहान, मनोज आरपुरे बी.ई.ओ.छिन्दवाडा असरफ अली, डी.ओ.सी. स्काउट नरेन्द्र कुमार शर्मा ब्लाक संघ उपाध्यक्ष श्रीमती विधा केकतपुरे की उपस्थिति में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सर्व प्रथम उपस्थित पदाधिकारियों अधिकारियों को स्काउटिंग परम्परा अनुसार स्कार्फ बागल लगाकर स्वागत किया गया तद उपरान्त उपस्थित अधिकारियों एवं पदाधिकारियों के द्वारा लार्ड बेडेन पावेल एवं लेडी बेडेन पावेल की छाया चित्र पर दीप प्रज्जलित कर पुष्प माला अर्पित किया गया उसके उपरांत बेडेन पावेल एवं लेडी बेडेन पावेल की जयंती पर सर्वधर्म प्रार्थना सभा का अयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गोपाल सिंह बघेल जिला शिक्षा अधिकारी ने अपने उद्बोधन में कहा की सभी दल के प्रभारी इस विचार दिवस पर प्रेरणा लेकर अपने अपने विद्यालयों में स्वा प्रेरणा से युवाओं के सर्वागिण विकास की योजना बनाये जिससे छात्र छात्राओं का सर्वागिण विकास किया जा सकें। स्काउट गाइड जिला संघ अध्यक्ष विनोद तिवारी ने सभी को स्काउट गाइड के संथापक बेडेन पावेल की जयंती की शुभकामना देते हुए कहा की स्काउट गाइड सिखाता है विषम परिस्थितियों में धैर्यवान बनाना पर ये गुण हम सभी में स्काउट गाइड के जनक लार्ड वेडेन पावेल जी एवम लेडी वेडेन पावेल पदचिन्हों पर चल कर आए है ।सभी अनुशासित होकर सेवा भावी कार्यो से लगे है आज के अवसर पर आप सभी बधाई। राज्य उपाध्यक्ष तुकाराम दुर्गे ने स्काउट गाइड मुमेंट को एक आदर्शवादी एवम सर्वधर्म समभाव के रास्ते पर चलने बाला संगठन बताया।

## कांग्रेस संगठन की सबसे बड़ी शक्ति कार्यकर्ता व पदाधिकारी हैः ओकटे

### अमरवाड़ा विधानसभा के प्रमुख पदाधिकारियों से की चर्चा


**छिन्दवाड़ा।** अमरवाड़ा में ब्लॉक कांग्रेस, शहर कांग्रेस व क्षेत्रीय कांग्रेस कमेटियों में नियुक्तियां होने के उपरांत अब विधानसभा स्तर पर बैठकों का दौर प्रारंभ हो चुका है जिसमें नवनियुक्त पदाधिकारियों से सीधे चर्चा कर जिम्मेदारी सौंपने व बूथ स्तर पर जुटने के निर्देश दिए जा रहे हैं। इसी तारतम्य में अमरवाड़ा में एक आवश्यक बैठक आयोजित की गई। आयोजित बैठक को सम्बोधित करते हुए जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष विश्वनाथ ओकटे ने कहा कि कमलनाथ एवं नकुलनाथ का आगामी दिनों में अमरवाड़ा दौरा होने जा रहा है जिसकी तैयारियों को लेकर चर्चा की साथ ही कहा कि कांग्रेस संगठन की शक्ति कांग्रेस का प्रत्येक कार्यकर्ता व पदाधिकारी है। अमरवाड़ा विधानसभा, अमरवाड़ा ब्लॉक व नगर सहित क्षेत्रीय कमेटियों को और अधिक सशक्त करने की जिम्मेदारी यहां मनोनीत पदाधिकारी की है। उनकी निष्ठा व मेहनत रंग लाएगी मुझे पूर्ण विश्वास है, क्योंकि अमरवाड़ा विधानसभा की जनता ने कभी भी माननीय कमलनाथ जी व माननीय नकुलनाथ जी को निराश नहीं किया। कांग्रेस का प्रत्येक कार्यकर्ता, पदाधिकारी व जनता नेताद्वय के साथ थी, है और आगे भी रहेगी। भाजपा का षड्यंत्र लम्बे समय तक अमरवाड़ा में नहीं चलेगा। आयोजित बैठक में अमरवाड़ा विधानसभा प्रभारी अजय मैद, अशोक तिवारी, चम्पालाल कुरचे, भूपेन्द्र पटेल, रामजी उइके, आशीष जैन, सुमेत उइके, गीता विश्वकर्मा, सुशीला मारपे व नुपूर विश्वकर्मा सहित अमरवाड़ा विधानसभा के समस्त ब्लॉक अध्यक्ष, कार्य. अध्यक्ष, समन्वयक, नगर अध्यक्ष, उप ब्लॉक अध्यक्ष समेत महिला कांग्रेस, युवक कांग्रेस, एनएसयूआई, सेवादल के साथ ही बड़ी संख्या में कांग्रेस के पदाधिकारी व कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

### सावित्री वर्मा परासिया महिला कांग्रेस की अध्यक्ष

मप्र के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ एवं जिले के पूर्व सांसद नकुलनाथ के निर्देशानुसार महिला कांग्रेस के द्वारा परासिया शहर महिला कांग्रेस की कार्यकारिणी घोषित की गई। घोषित कार्यकारिणी में संगठन से जुड़े महिला नेत्रियों व कार्यकर्ताओं को अहम जिम्मेदारी सौंपी गई है।जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष विश्वनाथ ओकटे, परासिया विधानसभा प्रभारी राजीव तिवारी, परासिया विधायक सोहन वाल्मीक ब्लॉक अध्यक्ष कमल राय से चर्चा के उपरांत जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष किरण चौधरी के द्वारा परासिया शहर महिला कांग्रेस की कार्यकारिणी घोषित की गई है। परासिया शहर महिला कांग्रेस अध्यक्ष सावित्री वर्मा के साथ समन्वयक उर्मिला रजक व कार्य. अध्यक्ष पद पर पूनम कैथवास व नीलोफर खान मनोनीत की गई हैं।

# वीआईपी रोड से राजधानी की चमक










## GIS से इंदौर को 10हजार करोड़ का इन्वेस्टमेंट

### 2.65 लाख से ज्यादा लोगों को रोजगार, 10 कंपनियों को 462 एकड़ जमीन आवंटित




भोपाल के इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय में 24 और 25 फरवरी को होने वाली ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के लिए इंदौर में भी तेजी से तैयारियां की जा रही है। मध्य प्रदेश इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन के मुताबिक ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट से इंदौर में लगभग 10 हजार करोड़ से अधिक का निवेश शुरुआत में उद्योगपतियों द्वारा किया जा रहा है। साल के अंत तक यह निवेश बढ़कर 70 हजार करोड़ तक पहुंच जाएगा।

एमपीआईडीसी के एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर राजेश राठौर ने बताया कि एमपी में उद्योगपतियों को अनुकूल माहौल देने के लिए सरकार ने कई योजनाएं शुरू की हैं। इंदौर के आसपास लगभग 12 नए औद्योगिक सेक्टर डेवलप किए जा रहे हैं। यहां 1 लाख 46 हजार 610 करोड़ रुपए से ज्यादा का निवेश संभावित है। इससे 2 लाख 65 हजार 500 से अधिक लोगों को रोजगार मिलेगा।

MPIDC के एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर राठौर ने बताया कि सिर्फ पीथमपुर सेक्टर-7 में ही अब तक 10 यूनिट को 18 प्लॉट दिए गए हैं। इन 10 कंपनियों में जेएसडब्ल्यू पेंट्स, पिनेकल, एशियन पेंट्स सहित अन्य कंपनियां शामिल हैं। इन कंपनियों को 461.85 (लगभग 462) एकड़ जमीन का आवंटन हो चुका है। 5432 करोड़ का निवेश इन कंपनियों के माध्यम से होगा और 11 हजार रोजगार जनरेट होंगे। वहीं 12 अन्य कंपनियों के इंटेंशन टू इन्वेस्ट हमें मिल गए हैं। इनमें यूएस फार्मा, सांई मशीन टूल्स, मायाराज सनफार्मा और शक्ति एनर्जी जैसी कंपनियां शामिल हैं। इन 12 कंपनियों ने 296.51 एकड़ जमीन की मांग की है। 5047.70 करोड़ का निवेश इनके द्वारा किया जाएगा और करीब 9300 रोजगार जनरेट होगा।



केन्द्रीय मंत्री केएल मुरुगन ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में शामिल होने के लिए भोपाल आए।



आज वार्ड 59 अन्ना नगर में कचरा ट्रांसफर स्टेशन पर पुराने कपड़े रीसायकल प्लांट का निरीक्षण किया इस अवसर पर क्षेत्रीय पार्षद अनीता शुक्रवारे, पार्षद श्री राकेश यादव एवं नगर निगम अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### भोपाल में आज की ट्रैफिक व्यवस्था

# राजभवन, पॉलिटेक्निक चौराहा और बोट क्लब समेत कई जगहों पर यातायात प्रभावित रहेगा

**भोपला।** ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में शामिल होने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज भोपाल आएंगे। उनकी सुरक्षा के मद्देनजर शहर के कई मार्गों पर ट्रैफिक व्यवस्था में बदलाव किया है। पीएम मोदी सोमवार सुबह 10 बजे से 11.15 बजे तक इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय में आयोजित समिट में शामिल होंगे।

हालांकि, रविवार को पीएम मोदी के भोपाल पहुंचने के चलते राजभवन, पुराना मछलीघर, केएन प्रधान तिराहा, प्रोफेसर कॉलोनी, पॉलिटेक्निक चौराहा, किलोल पार्क, भारत भवन और बोट क्लब क्षेत्र में यातायात प्रभावित रहेगा।

भोपाल यातायात पुलिस ने लोगों से कहा है कि वे अपने सफर की योजना पहले से बनाएं और दिए गए वैकल्पिक मार्गों का प्रयोग करें। असुविधा की स्थिति में यातायात हेल्पलाइन नंबर 0755-2677340, 2443850 पर संपर्क किया जा सकता है।

राजभवन, पुराना मछलीघर, केएन प्रधान तिराहा, प्रोफेसर कॉलोनी, पॉलिटेक्निक चौराहा, किलोल पार्क, भारत भवन और बोट क्लब में यातायात प्रभावित रहेगा। इन इलाकों में रहने वाले ऑप्शनल मार्गों का प्रयोग करें।

## बसों और भारी वाहनों के लिए निर्देश

दोपहर 2.30 बजे से इंदौर, उज्जैन और राजगढ़-ब्यावरा मार्ग से आने-जाने वाली बसों का हलालपुर बस स्टैंड के आगे प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा।

भारी मालवाहक वाहनों के लिए रोशनपुरा चौराहे से पॉलिटेक्निक चौराहा, कमला पार्क, रेतघाट, लालघाटी और गांधी पार्क तिराहा तक आवाजाही बंद रहेगी।

## ये रहेंगे वैकल्पिक मार्ग

रोशनपुरा चौराहे से पॉलिटेक्निक चौराहा, कमला पार्क, रेतघाट, वीआईपी रोड, लालघाटी, गांधी नगर तिराहा एवं पॉलिटेक्निक चौराहा से गांधी पार्क तिराहा तक आवाजाही पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगी।

भारत माता चौराहा, भदभदा चौराहा, साक्षी ढाबा तिराहा, नीलबड़ तिराहा से दाएं मुड़कर, नाथू बरखेड़ा रोड, मुगालिया छाप, खजूरी सड़क, खजूरी बायपास तिराहा, मुबारकपुर चौराहा होकर आवाजाही कर सकेंगे।सामान्य वाहन दोपहिया, चार पहिया वाहन (समय दोपहर 3 बजे से)




**वैकल्पिक मार्ग-** बैरागढ़, राजा भोज विमानतल एवं राजगढ़-ब्यावरा की ओर जाने वाले वाहन भारत माता चौराहा, भदभदा चौराहा, साक्षी ढाबा तिराहा, नीलबड़ तिराहा, नाथू बरखेड़ा रोड, मुगालिया छाप, खजूरी सड़क, खजूरी बायपास तिराहा, मुबारक पुर चौराहा होते हुए जा सकेंगे।

सीहोर-इंदौर की ओर जाने वाले वाहन भारत माता चौराहा, भदभदा चौराहा, साक्षी ढाबा तिराहा, नीलबड़, रातीबड़, झागरिया होकर आवाजाही कर सकेंगे।

भोपाल शहर से सीहोर-इंदौर, राजगढ़-ब्यावरा एवं राजा भोज एयरपोर्ट की ओर जाने वाले वाहन प्रभात चौराहा, जेके रोड, रत्नागिरी, अयोध्या बायपास मार्ग, भानपुर, करौंद चौराहा, नई जेल, गांधी नगर तिराहा होकर जा सकेंगे।

**कुशाभाऊ ठाकरे कन्वेंशन सेंटर में कार्यक्रम के दौरान-** दोपहर 3 बजे से सभी प्रकार के मालवाहक, भारी, व्यवसायिक एवं अनुमति प्राप्त वाहन प्रतिबंधित रहेंगे। रोशनपुरा चौराहे से पुराना पुलिस कंट्रोल रूम तिराहा एवं मछली घर तिराहा से गांधी पार्क तिराहा तक आवाजाही पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगी।

**वैकल्पिक मार्ग-** रोशनपुरा से भारत टॉकीज, रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड की ओर जाने वाले दोपहिया एवं चार पहिया वाहन बाणगंगा, मछली घर, खटलापुरा, पीएचक्यू तिराहा होते हुए भारत टॉकीज जा सकेंगे। रोशनपुरा से भारत टॉकीज, रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड की ओर जाने वाले दोपहिया एवं चारपहिया वाहन मालवीय नगर तिराहा से विधायक विश्राम गृह, पुलिस कंट्रोल रूम तिराहा होकर जा सकेंगे। रोशनपुरा चौराहे से भारत टॉकीज, रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड की ओर जाने वाली मिनी बसें एवं बड़ी बसें अपैक्स बैंक, लिंक रोड नंबर-1 से होते हुए बोर्ड ऑफिस चौराहा, डीबी मॉल, प्रेस कॉम्प्लेक्स, बीएसएनएल तिराहा, ईओडब्ल्यू ऑफिस के सामने, केंद्रीय स्कूल क्रमांक-1, मैदा मिल तिराहा, सुभाष नगर आरओबी ब्रिज, प्रभात चौराहा, बोगदा पुल से होकर भारत टॉकीज की ओर जा सकेंगी।

## परीक्षार्थियों के लिए विशेष मार्ग व्यवस्था

इसी दिन माध्यमिक शिक्षा मंडल की बोर्ड परीक्षाएं भी विभिन्न स्कूलों में आयोजित की जा रही हैं। छात्रों को किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए यातायात पुलिस ने ऑप्शनल मार्ग सुझाए हैं। पुराने भोपाल से नए भोपाल आने-जाने के लिए पॉलिटेक्निक चौराहा के बजाय रेतघाट, मोती मस्जिद, बुधवारा, तलैया, लाल परेड ग्राउंड, कंट्रोल रूम और रोशनपुरा मार्ग का उपयोग करने की सलाह दी गई है। इसके अलावा, जिन विद्यालयों में परीक्षाएं हो रही हैं, जैसे सेंट जोसेफ को-एड, आनंद विहार स्कूल, कमला नेहरू स्कूल आदि, वहां जाने वाले विद्यार्थियों के लिए वीआईपी मार्ग पर भी यातायात की अनुमति दी जाएगी।

## सीबीएसई के दो परीक्षा केंद्र बदले गए

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (ष्टक्चस्श्व) ने 24 एवं 25 फरवरी को होने वाली परीक्षाओं के लिए दो परीक्षा केंद्रों में परिवर्तन किया है। यह बदलाव ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के चलते किया गया है। सीबीएसई द्वारा जारी सूचना के अनुसार, बाल भवन स्कूल, श्यामला हिल्स में परीक्षा देने वाले छात्र अब आनंद विहार स्कूल में अपनी परीक्षा देंगे। वहीं, डेमोंस्ट्रेशन मल्टीपर्पज स्कूल में परीक्षा देने वाले छात्र अब कमला नेहरू स्कूल कमला नगर, कोटरा सुल्तानाबाद में परीक्षा देंगे। सीबीएसई के भोपाल कार्यालय ने परीक्षा आयोजन की सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। यह परिवर्तन केवल 24 फरवरी (सोमवार) और 25 फरवरी (मंगलवार) के लिए लागू रहेगा। छात्रों को सलाह दी जाती है कि वे अपने नए परीक्षा केंद्र की सही जानकारी प्राप्त कर समय से वहां पहुंचे

## बीएड-एमएड के पेपर अब 1 6 और 17 मार्च को

बीयू ने श्यामला हिल्स स्थित रीजनल इंस्टीट्यूट ऑफ एजुकेशन में 24 फरवरी को होने वाली परीक्षा स्थगित कर दी है। अब बीएड-फर्स्ट सेमेस्टर, एमएड-फर्स्ट सेमेस्टर और एमएड-थर्ड सेमेस्टर की परीक्षा 1, 6 और 17 मार्च को होगी। इससे करीब 500 छात्र प्रभावित होंगे।

### ग्लोबल इनवेस्टर्स समिट में मेहमानों के लिए खास परफॉर्मेंस

# बड़े तालाब पर हुई प्रैक्टिस, 100 से अधिक बोट्स करेंगी प्रदर्शन

**भोपाल।** ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के दौरान भोपाल का ऐतिहासिक बड़ा तालाब वाटर स्पोर्ट्स के रोमांचक प्रदर्शन से जगमगाएगा। सहकारिता, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने बताया कि 23, 24 और 25 फरवरी को खेल एवं युवा कल्याण विभाग की वाटर स्पोर्ट्स अकादमी के खिलाड़ी अपनी उत्कृष्ट प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे, जिससे देश-विदेश से आए डेलिगेट्स मंत्रमुग्ध हो जाएंगे।

इसी बीच, रविवार सुबह इन खिलाड़ियों ने अभ्यास किया, जिसमें सेलिंग, कयाकिंग, कैनोइंग और रोइंग शामिल है।

समिट के दौरान बड़े तालाब में सेलिंग बोट्स पर भव्य बैनर लगाकर डेलिगेट्स का स्वागत किया जाएगा। यह अनूठा आयोजन वीआईपी रोड और ब्रिज से देखा जा सकेगा। इस दौरान सेलिंग, कयाकिंग, कैनोइंग, रोइंग और कैनो सलालम जैसी जलक्रीड़ाएं मुख्य आकर्षण होंगी। साथ ही, बोट क्लब को विशेष रूप से सजाया जाएगा, जिससे भोपाल की खूबसूरती और निखरेगी।



### 100 से अधिक बोट्स दिखाएंगी दमदार प्रदर्शन

मंत्री सारंग ने जानकारी दी कि 23 से 25 फरवरी तक सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक और शाम 4 बजे से 8 बजे तक वाटर स्पोर्ट्स शो आयोजित किया जाएगा। इस भव्य आयोजन में 100 से अधिक खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। उन्होंने कहा कि बड़ा तालाब भोपाल की ऐतिहासिक और प्राकृतिक धरोहर है, और इस आयोजन से इसे राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय पहचान मिलेगी। यह शो न केवल भोपाल के सौंदर्य को निखारेगा, बल्कि निवेशकों को भी आकर्षित करेगा।